Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा, हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा, राजस्थान, पंजाब, बहराइच, रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबन्द में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 144 | मंगलवार, 27 मई -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## राज्यसभा की आठ सीटों के लिए चुनाव की घोषणा, 19 जून को होगी वोटिंग



**नई दिल्ली।** राज्यसभा की आठ सीटों के लिए 19 जून को चुनाव होंगे। इनमें तमिलनाडु की छह और असम की दो सीटें शामिल हैं। चुनाव आयोग ने सोमवार को कहा कि राज्यसभा चुनावों के लिए अधिसूचना दो जून को जारी की जाएगी।नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि नौ जून है। 19 जून को मतदान होगा। वोटों की गिनती इसी दिन होगी। भाजपा-नेतृत्व वाले राजग के पास 126 सदस्यीय असम विधानसभा में 84 सीटें हैं। राजग की कोशिश इन दोनों सीटों पर फिर जीत हासिल करने की होगी। असम गण परिषद के बिरेंद्र प्रसाद बैश्य और भाजपा के मिशन रंजन दास का कार्यकाल जून में पूरा हो रहा है।

## ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ने दागे थे 413 ड्रोन



**जोधपुर।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की ओर से 413 ड्रोन भारत की सीमा में आये थे, जिनको भारतीय सेना ने ध्वस्त कर दिया था। कई चाइनीज मिसाइलें भी पाकिस्तान ने देश की पश्चिमी सीमा पर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भेजी थी जिनका बीएसएफ, आर्मी और एयरफोर्स ने मिलकर सफलतापूर्वक सामना किया और उनको मलबे में तब्दील कर दिया।इस दौरान भारत की एयर डिफेंस प्रणाली ने इतनी कुशलता से काम किया कि एक भी भारतीय जवान को नुकसान नहीं हुआ।

## आतंक के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति

# भुज में बोले पीएम नरेन्द्र मोदी अपना तिरंगा झुकाना नहीं चाहिए



**नई दिल्ली।**

मोदी ने कहा कि कच्छ से मेरा रिश्ता बहुत पुराना रहा है। कच्छ के लोग और उनका आत्मविश्वास हमेशा मेरा मार्गदर्शन करता रहा है।

जब पहली बार नर्मदा का पानी कच्छ पहुंचा, तो वो दिन कच्छ के लिए किसी दिवाली से कम नहीं था, और ये एक अभूतपूर्व उत्सव था। सौभाग्य से आप सभी ने मुझे इस अवसर का कारण बनने का मौका दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुछ समय पहले एक कार्यक्रम में जनसभा को संबोधित किया, जहां उन्होंने 53,400 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। मोदी ने कहा कि कच्छ से मेरा रिश्ता बहुत पुराना रहा है। कच्छ के लोग और उनका आत्मविश्वास हमेशा मेरा मार्गदर्शन करता रहा है। जब पहली बार नर्मदा का पानी कच्छ पहुंचा, तो वो दिन कच्छ के लिए किसी दिवाली से कम नहीं था, और ये एक अभूतपूर्व उत्सव था। सौभाग्य से आप सभी ने मुझे इस अवसर का कारण बनने का मौका दिया। मोदी ने कहा कि आज यहां 50 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण हुआ है। एक समय था जब पूरे गुजरात में इतनी बड़ी परियोजना की घोषणा नहीं होती थी, और अब एक जिले में इतने बड़े विकास कार्य का लाभ मिलेगा। ये परियोजना भारत को दुनिया की ब्लू इकॉनोमी बनाने में मदद करेगी, और ग्रीन एनर्जी का केंद्र भी बनाएगी। मैं आप सभी को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि भारत पर्यटन में विश्वास करता है। पर्यटन लोगों को एक साथ लाता है। लेकिन पाकिस्तान जैसा देश आतंकवाद को पर्यटन मानता है। यह दुनिया के लिए एक बड़ा खतरा है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ हमारी नीति जीरो टॉलरेंस की है। ऑपरेशन सिंदूर ने हमारी नीति को बिल्कुल स्पष्ट कर दिया। जो भी हमें खून बहाएगा, उसे इसी तरह का जवाब मिलेगा। किसी भी कीमत पर उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर मानवता को बचाने और आतंकवाद को खत्म करने का मिशन है।

> ग्रीन हाइड्रोजन एक नए प्रकार का इंधन है। आने वाले समय में कारें, बसें, स्ट्रीट लाइट्स... ये सभी ग्रीन हाइड्रोजन से चलने वाली है। कांडला, देश के तीन ग्रीन हाइड्रोजन में से एक है।

## नाबालिग महिला पहलवान से यौन शोषण के मामले में बृजभूषण सिंह बरी



**नई दिल्ली।**

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष व भाजपा नेता बृजभूषण शरण सिंह को नाबालिग पहलवान द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न मामले में बड़ी राहत मिली है। पटियाला हाउस स्थित अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की अदालत ने मामले में दिल्ली पुलिस की क्लोजर रिपोर्ट स्वीकार कर ली है, जिसके चलते अब यह मामला औपचारिक रूप से खत्म हो गया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश गोमती मनोचा की अदालत ने यह फैसला लिया। सुनवाई के दौरान पीड़िता ने पहले ही अदालत को बताया था कि वह दिल्ली पुलिस की जांच से संतुष्ट है और उसे इस मामले को आगे बढ़ाने में कोई दिलचस्पी नहीं है। दिल्ली पुलिस ने मामले में 15 जून 2023 को अदालत के समक्ष क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की थी, जिसमें कहा गया था कि पीड़िता के पिता ने खुद स्वीकार किया है कि शिकायत झूठी है और यह व्यक्तिगत दुश्मनी के कारण दर्ज कराई गई है। पुलिस ने कहा कि आरोपों की पुष्टि के लिए कोई सबूत नहीं मिले। हालांकि बृजभूषण शरण सिंह अभी भी छह अन्य महिला पहलवानों द्वारा दर्ज कराए गए यौन उत्पीड़न के एक अलग मामले का सामना कर रहे हैं।

> पटियाला हाउस कोर्ट ने बंद किया केस

## 'अयोध्या-काशी की तरह तामेश्वरनाथ धाम में बनेगा कॉरिडोर'

# सीएम योगी बोले- विकास और विरासत की एक साथ चल रही यात्रा

**संतकबीर नगर।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तामेश्वरनाथ धाम के कायाकल्प और इसे एक भव्य तीर्थ स्थल के रूप में विकसित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि बाबा तामेश्वरनाथ धाम को अयोध्या और काशी की तर्ज पर एक सुव्यवस्थित और भव्य तीर्थ स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। धाम को एक सुंदर कारिडोर के साथ जोड़ा जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुविधाजनक दर्शन का अवसर मिले। उन्होंने कहा कि आज का



भारत बदल चुका है। विकास और विरासत की यात्रा एक साथ चल रही है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। 2047 तक भारत दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनेगा। मुख्यमंत्री सोमवार को संतकबीर नगर के बाबा तामेश्वरनाथ धाम में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अयोध्या में भगवान रामलला के भव्य मंदिर, काशी में काशी विश्वनाथ धाम और मां विंध्यवासिनी धाम के कायाकल्प का उदाहरण देते हुए कहा कि इन तीर्थस्थलों ने डबल इंजन सरकार की ताकत को साबित किया है। जिस काशी विश्वनाथ मंदिर में कभी 50 लोग एक साथ नहीं जा सकते थे, आज 50 हजार श्रद्धालु एक साथ दर्शन कर सकते हैं। मां विंध्यवासिनी धाम में 10 हजार श्रद्धालु एक साथ जा सकते हैं।

## प्रदेश में धार्मिक स्थलों पर प्रवेश करते ही पकड़े जाएंगे वांछित अपराधी

**लखनऊ।** वांछित अपराधी अब प्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। वांछित अपराधियों को धार्मिक स्थलों पर प्रवेश करने से पहले ही एआइ आधारित चेहरा पहचान (फेस रिकग्निशन) तकनीक से पहचान कर गिरफ्तार किया जा सकेगा।

पर्यटन विभाग ने हनुमान सेतु मंदिर के बाद अलीगंज के नया हनुमान मंदिर में यह व्यवस्था लागू कर दी है। साथ ही अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों पर इसे लागू करने की तैयारी की जा रही है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि लखनऊ के दो मंदिरों में प्रयोग के तौर पर यह व्यवस्था लागू की गई है। इसके बाद अयोध्या के श्री राम जन्मभूमि मंदिर और हनुमान गढ़ी, प्रयागराज के बड़े हनुमान जी मंदिर व अलोपी देवी मंदिर, वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर व बटुक भैरव मंदिर, कुसुम सरोवर (मथुरा) और वृंदावन के श्री बांके बिहारी मंदिर व प्रेम मंदिर जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों पर इसे लागू किया जाएगा।

## ऑपरेशन सिंदूर की नई तस्वीरें: मिशन के दौरान कंट्रोल रूम में मौजूद थे तीनों सेनाध्यक्ष

**नई दिल्ली।**

भारतीय सेना ने 7 मई को पाकिस्तान पर किए गए स्ट्राइक के दौरान ऑपरेशन सिंदूर की निगरानी करते हुए थल सेना, वायु सेना और नौसेना प्रमुखों की पहली तस्वीरें सार्वजनिक की हैं। भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर एक विशेष बुकलेट जारी की है, जिसमें ऑपरेशन के दौरान की कुछ नई और महत्वपूर्ण तस्वीरें सामने आई हैं। इन तस्वीरों में भारतीय सेना के ऑपरेशन्स रूम की झलक दिखाई दे रही है, जहां से इस महत्वपूर्ण मिशन की निगरानी की जा रही थी। इन तस्वीरों में देखा जा सकता है कि थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायुसेना प्रमुख




एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ऑपरेशन के समय सैन्य नियंत्रण कक्ष (ऑपरेशंस रूम) में मौजूद हैं और मिशन की पल-पल की जानकारी ले रहे हैं।

सबसे खास बात यह है कि इन तस्वीरों में तीनों सेनाओं के प्रमुख थल सेना अध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ऑपरेशन्स रूम में एक साथ मौजूद नजर आ रहे हैं। यह दृश्य भारत की त्रिसेना एकता और संयुक्त रणनीतिक सोच का प्रतीक है।

## बेसिक शिक्षा राष्ट्र निर्माण की नींव, हर विद्यालय में शिक्षक-छात्र अनुपात होगा सुनिश्चित: सीएम योगी

**वेलकम इंडिया**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेसिक शिक्षा को समाज और राष्ट्र की आधारशिला बताते कहा कि यह बच्चों के भविष्य को संवारने का सबसे मजबूत हथियार है। सोमवार को लोकभवन सभागार में बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित एक भव्य कार्यक्रम उन्होंने 3300 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शुभारंभ किया। सीएम योगी ने शिक्षा के क्षेत्र में पिछले आठ वर्षों में हुए अभूतपूर्व बदलावों की सराहना की और भविष्य के लिए बेसिक शिक्षा परिषद के कार्यों के एक नए मॉडल की रूपरेखा प्रस्तुत की। सीएम योगी ने कहा कि ऑपरेशन कायाकल्प, मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालय और निपुण आकलन जैसे कार्यक्रमों के साथ उत्तर प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में एक नया इतिहास रच रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत प्रदेश के 139 उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के नवनिर्मित भवनों व अतिरिक्त डॉरमेट्री का लोकार्पण किया। साथ ही सीएम योगी ने 43 मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट







विद्यालयों एवं 66 मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालयों का शिलान्यास भी किया। इस दौरान उन्होंने ड्रेस, स्वेटर, स्कूल बैग, जूता-मोजा एवं स्टेशनरी क्रय हेतु प्रति छात्र-छात्रा 1,200 की धनराशि उनके अभिभावक के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि 2017 से पहले बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में जर्जर भवन, गंदगी और अव्यवस्था का बोलबाला था। छात्रों की कमी और ड्रॉपआउट दर अधिक थी। लेकिन ऑपरेशन कायाकल्प ने इस तस्वीर को बदल दिया। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के लगभग सभी विद्यालय इस अभियान से जुड़ चुके हैं और शेष 2-3 प्रतिशत विद्यालय भी इस वर्ष कायाकल्प के दायरे में आ जाएंगे। इन स्कूलों में अब शौचालय, पेयजल, खेल मैदान, स्मार्ट क्लास, और डिजिटल लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिसके परिणामस्वरूप स्कूलों में छात्रों की संख्या 800-1200 तक पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि यह शिक्षा का एक नया मॉडल है, जो बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समग्र विकास के अवसर प्रदान कर रहा है। मुख्यमंत्री ने शिक्षकों की भूमिका पर विशेष जोर देते हुए कहा कि शिक्षक और छात्र का अनुपात हर हाल में बनाए रखा जाएगा। शिक्षकों की कमी नहीं होगी। हर विद्यालय में पर्याप्त शिक्षक होंगे, ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। उन्होंने बीएड और एमएड के छात्रों को निपुण आकलन कार्यक्रम में शामिल करने का सुझाव दिया, ताकि उन्हें फील्ड अनुभव मिले और वे स्मार्ट क्लास और डिजिटल लाइब्रेरी जैसी आधुनिक सुविधाओं से परिचित हो सकें।

## असम के मुख्यमंत्री ने की इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में निवेश की अपील

**नई दिल्ली।**

असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्वा सरमा ने सोमवार को कहा कि गुवाहाटी और राज्य के अन्य हिस्सों में इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग के लिए राज्य में निवेश करने के लिए अनुकूल माहौल और स्किल मैनपावर के साथ-साथ सही बुनियादी ढांचा मौजूद है। ये बातें मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्वा सरमा ने दिल्ली के ताज पैलेस होटल में 'असम




इलेक्ट्रॉनिक्स राउंड टेबल 2025: केंद्रित रणनीति, तैयार बुनियादी ढांचा, असम में निवेश' के उद्घाटन सत्र में कहीं। उन्होंने कहा कि असम पूर्वोत्तर क्षेत्र का केंद्र है। यह राज्य भारत की एक्ट ईस्ट नीति का भी केंद्र है। मुख्यमंत्री डॉ. सरमा ने कहा कि असम की अर्थव्यवस्था मजबूत और जीवंत है।


## अस्तित्व को बचाए रखने के संकट से जूझ रही है PDP: महबूबा मुफ्ती

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर की राजनीति में अपनी अस्तित्व को बचाए रखने के संकट से जूझ रही महबूबा मुफ्ती ने पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी को सशक्त बनाने की रणनीति पर नए सिरे से मंथन शुरू कर दिया है। वह पार्टी की विभिन्न इकाइयों और वरिष्ठ नेताओं के साथ निरंतर बैठकें कर रही हैं। पीडीपी से जुड़े सूत्रों की मानें तो वह रोजगार और राज्य के दर्जे को आगे रखकर, युवाओं को संगठन में अहम जिम्मेदारियां देकर आगे बढ़ने की तैयारी कर रही हैं।

## केरल तट पर डूबा लाइबेरियाई जहाज

**कोल्लम।**

केरल तट पर लाइबेरियाई कार्गो जहाज के डूबने के बाद उसके कंटेनर बहकर तट पर आने लगे हैं। अब तक नौ कंटेनर तट पर पहुंच चुके हैं। ये कंटेनर दक्षिण कोल्लम और अलपुझा के तटों पर मिले हैं। हालांकि, इनमें कोई भी कैल्शियम कार्बाइड वाला कंटेनर शामिल नहीं है। फैल रहे तेल रिसाव के चलते अधिकारियों ने तट पर हाई अलर्ट जारी किया है। ईंधन लगभग तीन किलोमीटर प्रति घंटे की गति से बह रहा है और जल्द ही पारिस्थितिकीय रूप से संवेदनशील केरल तट को प्रभावित कर सकता है। तटीय निवासियों और मछुआरों से अपील की गई है कि वे तट पर पाए गए किसी भी असामान्य वस्तु या कंटेनर को न छुएं, न नजदीक जाएं। सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वहां से गुजरने वाले सभी जहाजों के मार्ग बदल दिए गए हैं। यह जहाज रविवार सुबह डूब गया था।



## संपादक की कलम से

# चार ट्रिलियन डॉलर की आर्थिकी

भारत जापान को पीछे कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। यकीनन ऐतिहासिक उपलब्धि और सुखद खबर है। नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने परिषद की बैठक में यह घोषणा की। अब भारत की अर्थव्यवस्था 4.187 ट्रिलियन, अर्थात 4000 अरब डॉलर की है। 2028 में भारत की अर्थव्यवस्था 5.58 ट्रिलियन डॉलर की हो सकती है और भारत जर्मनी (5.25 ट्रिलियन डॉलर) को पछाड़ कर तीसरे स्थान पर पहुंच सकता है। फिलहाल अमरीका (30 ट्रिलियन से अधिक), चीन (19 ट्रिलियन से ज्यादा) और जर्मनी (4.75 ट्रिलियन डॉलर) ही भारत से बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं। बीते 10 सालों के दौरान भारत की अर्थव्यवस्था दोगुनी हुई है। 2032 में भारत 10 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला देश होगा। भारत की इतनी अर्थव्यवस्था स्वाभाविक भी है, क्योंकि यह 146 करोड़ से अधिक की आबादी वाला देश है। देश की सकल आय और संसाधन ही जीडीपी का आकार तय करते हैं। भारत की आर्थिक विकास दर 6-7 फीसदी या उससे अधिक 8-9 फीसदी तक रही है। औसत 6.5 फीसदी के करीब मान सकते हैं, जबकि अमरीका की विकास दर 2.1 फीसदी है और चीन की 4.5 फीसदी है। यह अर्थव्यवस्था तब है, जब हमने कोरोना वैश्विक महामारी का दंश तीन साल तक झेला और हमारी आर्थिक विकास दर ऋणात्मक हो गई थी। अर्थव्यवस्था की यह गति और उछाल 1991 से शुरू हुई, जब तत्कालीन वित्त मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने आर्थिक उदारीकरण और भूमंडलीकरण की शुरूआत की। भारत एक खुली अर्थव्यवस्था और खुले बाजार वाला देश बना। बेहतर यह रहा कि राजनीतिक विपक्ष के प्रधानमंत्रियों-अटल बिहारी वाजपेयी और नरेंद्र मोदी-ने उन आर्थिक सुधारों को, नए समकालीन, अपेक्षित संशोधनों के साथ, जारी रखा। आज नतीजा सामने है कि भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था है और सबसे तेज गति से विकास कर रहा है। नीति आयोग के सीईओ ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के ताजा आंकड़ों के आधार पर यह घोषणा की है, लेकिन आज भी एक विरोधाभासी विडंबना हमारे साथ चिपकी है कि भारत एक अमीर देश है, लेकिन उसके नागरिक गरीब हैं। इतनी बड़ी अर्थव्यवस्था होने के बावजूद भारत में आज भी 20 करोड़ से अधिक लोग गरीबी-रेखा के नीचे जीने को अभिशप्त हैं। कुछ विशेषज्ञ यह आंकड़ा ज्यादा बताते हैं। गरीबी रेखा बहुआयामी भी परिभाषित की गई है, जिसके मुताबिक, 11 करोड़ भारतीय आज भी गरीब हैं। यह निष्कर्ष संघ के संगठन ह्यस्वदेशी जागरण मंचह्न का है। ऐसा नहीं है कि अमरीका में गरीब नहीं हैं अथवा महंगाई, बेरोजगारी, किसानी की समस्याएं नहीं हैं, लेकिन वहां प्रति व्यक्ति सामाजिक सुरक्षा की व्यवस्था है। कम आबादी है और अर्थव्यवस्था सबसे बड़ी है। बहरहाल भारत में आज भी 80 करोड़ से अधिक लोगों को, प्रति माह, मुफ्त अनाज बांटा जाता है। वे मुफ्त की उस योजना के मोहताज हो गए हैं। यह योजना कोरोना के दौरान शुरू की गई थी और अभी 2029 तक तो चलेगी। भारत में अंबानी, अदाणी, गोयनका, बिरला, गोदरेज सरीखा एक अति धनाढ्य वर्ग है, तो करीब 82 फीसदी आम आदमी ऐसे भी हैं।


ललित शर्मा
संपादक

# ऐतिहासिक धरोहर और सांस्कृतिक समृद्धि का केंद्र है कपूरथला शहर



कपूरथला ज्यूडिशियल किला भी एक ऐतिहासिक स्थल है, जो इस क्षेत्र के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को दशार्ता है। इस किले की वास्तुकला और इसे बनाने की शैली अत्यंत रोचक है। किला आज भी अपनी भव्यता और ऐतिहासिक धरोहर को बनाए हुए है। कपूरथला, पंजाब राज्य का एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण शहर है, जो अपनी भव्य वास्तुकला, शाही इतिहास और अद्भुत पर्यटन स्थलों के लिए प्रसिद्ध है। यह शहर न केवल पंजाब, बल्कि पूरे भारत में एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में उभर रहा है। कपूरथला का सांस्कृतिक वैभव, ऐतिहासिक किले, महल और खूबसूरत बगीचे यहाँ आने वाले पर्यटकों को एक अद्वितीय अनुभव प्रदान करते हैं। आइए जानते हैं कपूरथला के कुछ प्रमुख पर्यटन स्थलों के बारे में।

**1. कपूरथला महल :** कपूरथला का सबसे प्रमुख आकर्षण है कपूरथला महल, जिसे ₹पंजाबी वर्सायर₹ के नाम से भी जाना जाता है। यह महल फ्रांसीसी वास्तुकला से प्रेरित है और इसकी भव्यता और आकर्षण पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं। महल के अंदर शानदार कमरे, खूबसूरत गैलरी और विस्तृत बगीचे हैं। महल की संरचना और इसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि इसे कपूरथला का प्रमुख पर्यटन स्थल बनाती है। यहाँ का बगीचा और झील पर्यटकों को शांति और सौंदर्य का अनुभव कराते हैं।

**2. शाही मस्जिद :** कपूरथला में स्थित शाही मस्जिद एक ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल है, जो अपनी अद्भुत वास्तुकला और शांत वातावरण के लिए प्रसिद्ध है। इस मस्जिद को कपूरथला के तत्कालीन शाही परिवार द्वारा बनवाया गया था। मस्जिद का शाही और भव्य रूप पर्यटकों को आकर्षित करता है। यहाँ की आंतरिक सजावट और विस्तृत बगीचों में भ्रमण करते हुए लोग शांति का अनुभव करते हैं।

**3. सुंदरबाग:** सुंदरबाग, कपूरथला का एक और प्रमुख आकर्षण है। यह बगीचा कपूरथला महल के पास स्थित है और इसकी सुंदरता पर्यटकों को बेहद आकर्षित करती है। यहाँ की हरियाली, फूलों की सुगंध और शांत वातावरण आपको एक अद्भुत अनुभव प्रदान करते हैं। सुंदरबाग में घूमने से पर्यटकों को पंजाब की प्राकृतिक सुंदरता का अहसास होता है।

**4. कपूरथला ज्यूडिशियल किला :** कपूरथला ज्यूडिशियल किला भी एक ऐतिहासिक स्थल है, जो इस क्षेत्र के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को दशार्ता है। इस किले की वास्तुकला और इसे बनाने की शैली अत्यंत रोचक है। किला आज भी अपनी भव्यता और ऐतिहासिक धरोहर को बनाए हुए है। किले के चारों ओर फैला हरित क्षेत्र और इसके प्राचीन कक्ष पर्यटकों को बहुत आकर्षित करते हैं।

**5. गुलाबबाग :** कपूरथला का गुलाबबाग एक शानदार बगीचा है, जो विशेष रूप से अपनी गुलाब की झाड़ियों के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ विभिन्न प्रकार के गुलाबों का संग्रह देखने को मिलता है, जो बाग को एक अद्वितीय सुंदरता प्रदान करते हैं। गुलाबबाग की सैर करते हुए पर्यटक गुलाबों की खूबसूरती और बाग के शांत वातावरण का आनंद लेते हैं। यह स्थान फूलों के शौकिनों के लिए आदर्श है।

**6. चरणबीर बाग:** चरणबीर बाग कपूरथला का एक ऐतिहासिक बाग है, जो अपने अद्भुत सौंदर्य और शाही संरक्षण के लिए प्रसिद्ध है। इस बाग में कई आकर्षक फूल और पेड़-पौधे हैं, जो पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। बाग में स्थित ऐतिहासिक स्मारक और शाही महल इस स्थान को और भी खास बनाते हैं। यहाँ घूमते हुए पर्यटक प्रकृति के साथ-साथ इतिहास की समृद्धि को भी महसूस कर सकते हैं।

**7. फव्वारा :** फव्वारा कपूरथला के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक है। यह एक खूबसूरत और आकर्षक फव्वारा है, जो शहर के बीच स्थित है। इसके आसपास का माहौल और पानी के बहाव का दृश्य पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देता है। यहाँ पर अक्सर लोग आराम करने के लिए आते हैं और शहर की हलचल से दूर शांति का अनुभव करते हैं।

**8. शहीदी स्मारक:** कपूरथला के शहीदी स्मारक में भारत के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है। यह स्मारक उन वीर शहीदों की याद में बनवाया गया था जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। यह स्थल इतिहास प्रेमियों के लिए एक महत्वपूर्ण और शिक्षाप्रद स्थल है। कपूरथला एक ऐसा शहर है, जहाँ ऐतिहासिक धरोहर, शाही महल, धार्मिक स्थल और प्राकृतिक सुंदरता का अद्भुत मिश्रण है। कपूरथला महल, शाही मस्जिद, सुंदरबाग और गुलाबबाग जैसे स्थल इस शहर की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक समृद्धि को दशार्ते हैं। यहाँ आने वाले पर्यटक न केवल पंजाब की लोक कला और संस्कृति से परिचित होते हैं, बल्कि वे यहाँ की प्राकृतिक सुंदरता और ऐतिहासिक धरोहर का भी आनंद लेते हैं। अगर आप इतिहास, वास्तुकला और प्रकृति प्रेमी हैं, तो कपूरथला की यात्रा आपके लिए एक अविस्मरणीय अनुभव साबित हो सकती है।

# भर्ती में समानता की वापसीः सामाजिक आर्थिक बोनस अंकों पर हाईकोर्ट की सख्ती


प्रियंका सौरभ

भारतीय लोकतंत्र का मूल मंत्र है झ समान अवसर। लेकिन जब अवसरों की तुलना में विशेष सुविधाएं या बोनस अंक बांटे जाएं, तो यह उस मूल भावना को ही चोट पहुंचाता है। हाल ही में पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने एक ऐतिहासिक निर्णय में भर्ती प्रक्रियाओं में सामाजिक-आर्थिक आधार पर दिए जा रहे अतिरिक्त अंकों (बोनस मार्क्स) को अवैध ठहराया और उन्हें रद्द करने का आदेश दिया। यह फैसला केवल एक कानूनी निर्देश नहीं, बल्कि उन हजारों युवाओं की उम्मीदों का न्यायिक जवाब है जो केवल मेरिट के आधार पर अपना हक मांग रहे थे। भारतीय प्रशासनिक ढांचे में सामाजिक न्याय को एक महत्वपूर्ण स्थान मिला है, लेकिन इसके नाम पर समय-समय पर ऐसे कदम उठाए जाते हैं जो समानता की भावना से टकराते हैं। हरियाणा सरकार द्वारा 2019 में सामाजिक-आर्थिक आधार पर 10 अतिरिक्त अंक देने की नीति इसी प्रकार का निर्णय था। यह नीति उन अभ्यर्थियों को लाभ देती थी जो या तो अनाथ हैं, विधवा मां के पुत्र हैं, परिवार में सरकारी नौकरी नहीं है आदि। यद्यपि यह नीति सहानुभूति के आधार पर प्रेरित थी, लेकिन इससे मेरिट के सिद्धांत को गहरी चोट पहुंची। कई योग्य अभ्यर्थी जिन्होंने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था, वे इस ₹बोनस सिस्टम₹ के कारण बाहर हो गए।

**संघर्ष की आवाजः जो गला फाड़कर भी सुना नहीं गया**

जब कोई छात्र 90 में से 90 अंक लाकर भी चयन से वंचित रह जाए, तो यह सिर्फ परीक्षा की असफलता नहीं, सिस्टम की विफलता होती है। और जब यह गड़बड़ी साफ दिखती हो लेकिन सब चुप हों झ तो यह चुप्पी भी अपराध की साझेदार होती है। उस समय बहुतों ने सवाल नहीं उठाए, लेकिन कुछ लोगों ने आवाज बुलंद की। मैंने बोल-बोलकर अपना गला फाड़ लिया था कि यह सामाजिक-आर्थिक बोनस अंक प्रणाली असंवैधानिक है, और यह फैसला एक दिन पलटेगा झ और उस दिन हजारों ज़िंदगियाँ प्रभावित होंगी। लेकिन उस समय वोट बैंक की राजनीति ने सबकी आंखों पर पर्दा डाल दिया। मैंने सबसे पहले इस नीति पर संपादकीय लिखे। विरोध सहा, लेकिन बोलती रही। क्योंकि जानती थी झ यह फैसला सबको ले डूबेगा। आज जब कोर्ट ने इस पर रोक लगाई है, तो वे बच्चे जीत गए हैं झ जिन्होंने सालों तक नौकरी के अधिकार से वंचित होकर लड़ाई लड़ी। लेकिन जो चयनित होकर सेवा दे रहे थे झ उनका क्या दोष? वे भी बलि चढ़ा दिए गए। इस पूरी त्रासदी की जड़ है झ वोट बैंक की घटिया राजनीति। पहले सहानुभूति के नाम पर नीतियां बनाईं, अब उनका खामियाजा भुगतने के लिए निर्दोष युवा छोड़ दिए। ₹बागड़ बिल्लों₹ का तो आज भी कुछ नहीं बिगड़ा झ जो भी भुगते, सिर्फ आम छात्र। जो आज अधिकार लेकर खड़े हैं झ उन्होंने वो अधिकार लड़कर लिया है, भीख में नहीं। अब सवाल यह है कि उन कर्मचारियों का क्या होगा जो कोर्ट के फैसले के कारण बाहर होंगे? क्या उन्हें कोई पुनर्वास मिलेगा? क्या यह सिस्टम उनसे माफी मांगेगा? गलत का परिणाम गलत ही होता है झ और सही का सही। देर-सवेर ही सही। धिक्कार है ऐसी नीतियों पर, जिन्होंने हजारों को प्रताड़ित किया झ और जिन्हें हक मिला, वह भी सिर्फ संघर्ष से मिला।

**अदालत का हस्तक्षेप और स्पष्ट रुखः** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने इस नीति को संविधान की भावना के विपरीत बताया। अदालत ने आदेश दिया किः भविष्य में इस प्रकार के बोनस अंक नहीं दिए जाएंगे। जिन अभ्यर्थियों को इन अंकों के चलते नियुक्ति मिली, उन्हें वरिष्ठता सूची में नीचे किया जाएगा। तीन माह के भीतर नई मेरिट सूची बनाकर फिर से परिणाम घोषित किए जाएं। यह निर्णय केवल तकनीकी सुधार नहीं, बल्कि न्याय की दिशा में एक नैतिक सुधार भी है।

**बोनस अंकों के पीछे का आंकड़ाः** लगभग 25 से 30 हजार अभ्यर्थियों को इस नीति से लाभ हुआ। अनेक ऐसे मामले सामने आए जहाँ 90 में से 90 अंक लाने वाले अभ्यर्थी भी चयन से बाहर हो गए, जबकि दूसरों को बोनस के कारण लाभ मिला। यह स्थिति न केवल अयोग्यता को बढ़ावा दे रही थी, बल्कि व्यवस्था में असंतोष भी भर रही थी।

**सरकार की भूमिका और विरोधाभासः** हैरानी की बात यह है कि हरियाणा सरकार ने पिछले वर्ष ही यह बोनस अंक देना बंद कर दिया था। परंतु पहले से हुई नियुक्तियों में इसे लागू नहीं किया गया। कोर्ट ने यह स्पष्ट किया कि ऐसे मामले में ₹फैसला भविष्य में लागू होगा₹ जैसे बहाने स्वीकार्य नहीं होंगे, और जो नुकसान मेरिट पर आधारित अभ्यर्थियों को हुआ है, उसकी भरपाई होनी चाहिए।

**वास्तविकता और व्यावहारिकता के बीच टकरावः** सवाल यह है कि क्या ऐसे निर्णय व्यावहारिक हैं? जो लोग पिछले 2-3 वर्षों से नौकरी कर रहे हैं, क्या उन्हें नीचे किया जाएगा? क्या इससे प्रशासनिक ढांचे में अव्यवस्था नहीं फैलेगी? जवाब है झ यदि शुरूआत ही गलत हो, तो व्यवस्था का टिकना अन्याय पर होगा। न्याय की गाड़ी को अस्थायी हानि सहकर भी सही ट्रैक पर लाना जरूरी है।

**राजनीतिक चुप्पी और नौजवानों का असंतोषः** यह विषय उन हजारों युवाओं के लिए उम्मीद की किरण है जो बिना किसी विशेष लाभ के मेहनत से आगे बढ़ना चाहते हैं। परंतु दुर्भाग्य से अधिकांश राजनीतिक दल इस पर मौन हैं क्योंकि ये नीतियाँ अक्सर वोट बैंक को ध्यान में रखकर बनाई जाती हैं। एक अभ्यर्थी की यह टिप्पणी इस स्थिति को बखूबी दशार्ती हैः हमने मेहनत की, टॉप किया, फिर भी नौकरी नहीं मिली, क्योंकि हम सामाजिक-आर्थिक रूप से विशेष नहीं थे। अब कोर्ट ने हमारी बात सुनी है।

**भविष्य की दिशा क्या हो?:** नीतियों की समीक्षा होनी चाहिएः किसी भी सरकारी नीति को लागू करने से पहले यह देखा जाना चाहिए कि क्या वह समानता के सिद्धांत से मेल खाती है। बोनस अंक की बजाय विशेष प्रशिक्षण, छात्रवृत्ति, और परामर्श सुविधाएं दी जा सकती हैं ताकि पिछड़े वर्गों को सशक्त किया जा सके। भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता और मेरिट को सर्वोच्च स्थान मिलना चाहिए। हाईकोर्ट का यह निर्णय भारतीय न्याय प्रणाली की एक बड़ी जीत है। यह उस वर्ग के लिए आशा की किरण है जिसे राजनीतिक नीतियों ने हाशिये पर ला दिया था। समानता का मतलब यह नहीं कि सभी को एक ही रेखा से दौड़ने दिया जाए, बल्कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी के पैर में कोई बेड़ी न हो। सामाजिक-आर्थिक आधार पर अंक देना, एक तरह से कुछ के पांव में चप्पल और कुछ को नंगे पांव दौड़ाने जैसा था। अब न्याय की अदालत ने सबके लिए समतल मैदान तय कर दिया है।

## उदय किशोर साह


### दीदार
### कविता

आ रे बदरा मेरे आँगन में आ जा
मेरी मेहबूब की संदेशा बतला जा
मेरी इल्तजा पे कोई जवाब ना आई
गुस्से में क्यूं मेरी ख्वाब वो डुबोई
उनकी खता का जवाब तूँ ले जाना
ना सुनुगां तेरी कोई भी अब बहाना
जब तलक उनकी दीदार ना हो पाये
गम की तन्हाई में रात नींद रूठ जाये
कैसी उल्फत की ये वक्त है यहाँ आया
बिन खता की मैं सजा जहाँ हूँ पाया
मेरी वेदना उनको तुम जा पहुँचाना
मेरे बैचेन दिल की दर्द उन्हें बतलाना
कौन सी उलझन की ये घड़ी है आई
किस किस को मैं अपनी सुनाऊँ दुहाई
क्यूं बहरा हो गया मन जो था आशिकाना
भूल गया हूँ कब से जग में मैं मुस्कराना
मेरी इल्तजा पे दे देना मेरी सफाई
उन्हें भी जानना होगा क्या है वो सच्चाई
रूत है प्यार का मौसम है सावन सुहाना
मेरे मेहबूब को तूँ मेरी संदेशा बतलाना

# नीति आयोग की बैठक और विरोधी दल से सामंजस्य व मोदी मंत्र


अशोक भाटिया

नीति आयोग की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बेहद गंभीर मुद्रा में बात करते नजर आए। वहीं, जब पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पीएम मोदी से मिले, तो दोनों खिलखिलाकर हंस रहे थे। आंध्र प्रदेश के सीएम एन। चंद्रबाबू नायडू के साथ पीएम मोदी चाय पीते नजर आए। ये नजारा शनिवार को हुई नीति आयोग की बैठक का था, जहां ज्यादातार राज्यों के मुख्यमंत्री पहुंचे थे। नीति आयोग की बैठक के दौरान तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और अन्य मुख्यमंत्रियों के साथ पीएम मोदी खुलकर बातचीत करते नजर आए। इस बैठक में पीएम मोदी, जिस अपनेपन से राज्यों के मुख्यमंत्रियों के से मिले, उससे ऐसा लगा ही नहीं कि इनके बीच कोई राजनीतिक मतभेद है। ये दृश्य देख ऐसा लगा कि ये ही पार्टी के सदस्य हैं। हालांकि, पीएम मोदी व्यक्तित्व ही ऐसा है, वह बड़ी जल्दी लोगों के साथ घुल-मिल जाते हैं। फिर उनकी कार्यशैली के मुरीद तो विपक्षी पार्टियों में भी बहुत हैं। पीएम मोदी ने नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक में अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि देश को भविष्य के लिए तैयार शहरों के विकास की दिशा में काम करना चाहिए। उन्होंने केंद्र और सभी राज्यों से एक साथ मिलकर विकास की गति बढ़ाने का आग्रह किया। पीएम मोदी ने कार्यक्रम में कहा, ₹भारत में तेजी से शहरीकरण हो रहा है। हमें भविष्य के लिए तैयार शहरों की दिशा में काम करना चाहिए। विकास, नवाचार और स्थिरता हमारे शहरों के विकास का इंजन होना चाहिए। हमें विकास की गति बढ़ानी होगी। अगर केंद्र और सभी राज्य एक साथ आते हैं और टीम इंडिया की तरह मिलकर काम करते हैं, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।₹ बता दें कि यह बैठक केंद्र, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 'विकसित भारत : 2047' के विजन को आगे बढ़ाने के उपायों पर विचार-विमर्श करने और इस बात पर आम सहमति बनाने के लिए एक मंच प्रदान करती है कि कैसे राज्य भारत को एक 'विकसित राष्ट्र' बनाने के लिए आधारशिला बन सकते हैं। दरअसल नीति आयोग की अवधारणा मोदी के प्रधान मंत्री बनने के बाद के दिनों में आई। इससे पहले, एक योजना आयोग था और इसे पंडित नेहरू द्वारा स्थापित किया गया था। लेकिन उस योजना आयोग के दौरान, राज्यों के पास कोई अधिकार नहीं था और केंद्र की मां कहने के अलावा कुछ नहीं था। लेकिन मोदी के आने के बाद, राज्यों को अधिक सरकारी मामलों में अपने विचार व्यक्त करने का अधिकार मिला और राज्यों को मिला। यह स्वीकार किया जाना चाहिए कि यह मोदी का एहसान है। तुलना करने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन यह एक तथ्य है कि राज्यों को केंद्र से उनके हिस्से के अनुसार केंद्र से कुछ अधिक मिलना शुरू हो गया है, लेकिन फिर भी। कल की बैठक में, मोदी ने समावेशी शासन के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की और यह बहुत मायने रखता है क्योंकि पहले कोई समावेशिता नहीं थी। यह बैठक केंद्र, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 'विकसित भारत : 2047' के विजन को आगे बढ़ाने के उपायों पर विचार-विमर्श करने और इस बात पर आम सहमति बनाने के लिए एक मंच प्रदान करती है कि कैसे राज्य भारत को एक 'विकसित राष्ट्र' बनाने के लिए आधारशिला बन सकते हैं। मोदी ने कल की बैठक में एक महान विचार रखा था और वह चल रही क्रिकेट टीम की तरह है। मोदी ने कहा कि टीम इंडिया हमारा मार्गदर्शक सिद्धांत होना चाहिए। यानी जैसे टीम इंडिया मिलकर क्रिकेट खेलती है, वैसे ही हमें उससे कुछ सीखना चाहिए। यह विचार कि हम तभी प्रगति करेंगे जब सभी राज्य और केंद्र सरकारें अपने मतभेदों को सुलझाएं और देश के विकास के लिए मिलकर काम करें। इसे संघवाद कहा जाता है। यह विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस को स्वीकार्य नहीं है। कांग्रेस ने हमेशा यह प्रचार फैलाया है कि मोदी ने अपने समय में संघवाद को समाप्त करने का प्रयास किया है। लेकिन मोदी ने समय-समय पर साबित किया है कि यह कितना झूठा और निराधार है और उसी के अनुसार अपना व्यवहार भी रखा है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# सड़क पर घायल पडी महिला को भाजपा विधायक देवेंद्र सिंह लोधी ने अपनी निजी गाड़ी से पहुंचाया अस्पताल

**वेलकम इंडिया**



**बुलंदशहर स्याना :** भारतीय जनता पार्टी के विधायक एड. देवेंद्र सिंह लोधी ने मानवता और नैतिकता की मिसाल पेश करते हुए रास्ते में घायल महिला को अस्पताल पहुंचाने को दी वरीयता, भाजपा विधायक देवेंद्र सिंह लोधी ने हादसे में घायल व्यक्ति को अपनी निजी गाड़ी से अस्पताल पहुंचा कर उपचार शुरू कराया।

सोमवार की दोपहर को भाजपा विधायक देवेंद्र सिंह लोधी ने मानवता और की मिसाल पेश करते हुए अपने निजी काम को छोड़कर हादसे में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाना ज्यादा जरूरी समझा। सड़क हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान आवागमन वाले राहगीर वहां से निकलते रहे, और वह व्यक्ति सड़क पर तड़प रहा था। इसी दौरान लखावटी रोड नहर के पास से भाजपा विधायक देवेंद्र सिंह लोधी का काफिला निकला। भाजपा विधायक की नजर जैसे ही सड़क किनारे तड़प रहे दुर्घटना में घायल व्यक्ति पर पड़ी। उन्होंने अपने काफिले को तत्काल वहीं रुकवाया और अपनी गाड़ी से नीचे उतरे, विधायक देवेंद्र सिंह लोधी ने घायल व्यक्ति को देखा जो बेहोशी की हालत में रोड पर पड़ा था। भाजपा विधायक ने पहले घायल व्यक्ति को अपने सहयोगियों की मदद से रोड किनारे से उठवाया। और फिर अपनी गाड़ी से उसे निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां उसका उपचार शुरू कराया। भाजपा विधायक देवेंद्र सिंह लोधी द्वारा अपनी निजी गाड़ी से घायल व्यक्ति को समय से अस्पताल पहुंचाने के चलते उसकी जान बच गई। गैरतलब है कि आज की तेज रफ्तार जिन्दगी में जहां सभी अपने अपने जीवन को जीने में लगे हैं, तो वहीं भारतीय जनता पार्टी के विधायक देवेंद्र सिंह लोधी ने इस तरह घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचा कर लोगों के लिए एक मिसाल बनने का काम किया है।

## फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले संदिग्धों को पुलिस ले गई थाने

**इटवा/सिद्धार्थनगर।** कस्बे में लंबे अर्से से आधार कार्ड बनाने की मिल रही शिकायतों पर सोमवार को पुलिस ने कुछ संदिग्धों को थाने में ले जाकर पूछताछ शुरू कर दी है। कस्बे में एक अर्से से फर्जी आधार कार्ड बनाने का कार्य चल रहा है। इसमें माता प्रसाद जायसवाल इंटर कॉलेज के पास, साप्ताहिक बाजार गली, स्टेट बैंक के बगल सहित कुछ अन्य स्थानों पर मुंहमांगे दामों पर आधार कार्ड बनाने का कार्य चल रहा था। सरकारी सुविधा के न मिलने से आम आदमी मजबूरी में इन लोगों के मुंहमांगी कीमत देकर आधार कार्ड बनवाने जा रहा था। सोमवार को इस मामले में पुलिस इन संदिग्धों में कुछ को लैपटॉप सहित पूछताछ के लिए थाने पर ले गई। अभी इस मामले में अधिकारी कुछ भी बताने को तैयार नहीं हैं।

# विद्युत निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मी धरने पर बैठे

**वेलकम इंडिया**



**असदुल्लाह सिद्दीकी। सिद्धार्थनगर।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र व राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन ने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध में ध्यान आकर्षण आंदोलन की प्रबंधन में नोटिस दी है। सोमवार को अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर बिजली कर्मियों के साथ ही इंजीनियर भी धरने पर बैठे थे। वक्ताओं ने कहा कि संघर्ष समिति व जूनियर इंजीनियर्स संगठन दोनों का एक ही उद्देश्य है कि विगत्त लगभग तीन वर्षों से ऊर्जा निगमों द्वारा की गई उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियों को ऊर्जा मंत्री द्वारा दिए गए निर्देश के बावजूद अभी तक निरस्त नहीं किया गया है। कर्मचारियों, जूनियर इंजीनियरों और अभियंताओं की लंबित समस्याओं का कोई समाधान नहीं किया जा रहा है। ऊर्जा निगमों में राजस्व वसूली में हुई उल्लेखनीय वृद्धि और ए टी एंड सी हानियां में हुई बहुत ही उल्लेखनीय कमी के बावजूद पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम का निजीकरण किए जाने के निर्णय के विरोध में बिजली कर्मचारियों में व्यापक असंतोष व्याप्त है और वह आंदोलन करने के लिए बाध्य है। इससे आंदोलन कार्यक्रमों में आपसी सामंजस्य बनाने के लिए आंदोलन के सभी कार्यक्रम, विरोध प्रदर्शन, सभा और प्रवास, संपर्क, प्रेस वार्ता आदि सभी आंदोलनात्मक कार्यक्रम एक साथ मिलकर करेंगे। इस दौरान शैलेंद्र दुबे, जितेंद्र सिंह, संजय सिंह चौहान, अवधेश यादव, बलबीर यादव मौजूद रहे।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने मोबाइल सिम का क्लोन बनाकर अश्लील वीडियो स्टेटस में वायरल कर बदनाम करने की लिखाई प्राथमिकी

**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर,** कांग्रेस जिलाध्यक्ष के मोबाइल नंम्बर पर अचानक देर रात्रि उनके व्हाट्सअप स्टेटस में अश्लील वीडियो भेजे जाने के बाद लोगों द्वारा स्टेटस वीडियो देखने के बाद तरह तरह की टिपणियां होने लगी ।सुबह सुबह जब लोग अपने मोबाइल फोन को चैक कर रहे थे तभी अचानक कई लोगों द्वारा स्टेटस देखने के बाद मामले के जानकारी उनके चहेतों द्वारा इसकी जानकारी उन्हें दी गई ।जिसके बाद उन्होंने तत्काल अपने स्टेटस में भेजे गए स्टेट्स को डिलीट किया.और मामले की जानकारी अपने शोशल मीडिया हैंडल में उनके नम्बर के हैक होने की जानकारी देते हुए लोगों से हैकर्स द्वारा भेजे गए अश्लील वीडियो के माध्यम से उन्हें बदनाम करने की साजिश बताया ।और मामले की लिखित शिकायत कोतवाली पुलिस में की है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगवत डसीला ने किसी के द्वारा मोबाइल में लगी सिम कार्ड नम्बर का क्लोन बनाकर अज्ञात सायबर हैकर्स द्वारा उनकी सामाजिक प्रतिस्ठा धूमिल करने के इरादे से रात्रि में व्हाट्सएप स्टेटस में षडयंत्र करने के आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस में मामले की प्राथमिकी दर्ज कराई है ।वही मामले के शोशल मीडिया में वायरल होने के बाद प्रकरण पर राजजीति गलियारों में अलग अलग प्रकार की टिप्पणिया भी होने लगी है ।मामले में बागेश्वर विकास संघर्ष वाहिनी के जिलाध्यक्ष कवि जोशी ने अपने फेसबुक में पोस्ट कर मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग उठाई है।

# एएनटीएफ और टीपी नगर पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**



मेरठ में एएनटीएफ ऑपरेशनल यूनिट और थाना टीपी नगर पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने पांच सक्रिय तस्करों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपियों में अनुज कुमार (मुजफ्फरनगर), रचित कुमार (आगरा), जोनी कुमार (शामली), जतिन कुमार (शामली) और अनिकेत (मुजफ्फरनगर) शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से एक बुलेरो मैक्स पिकअप (वढ 19 अळ 5220) और एक हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (वढ 12 इर 4118) जब्त की है। आरोपियों के कब्जे से 122 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ है। इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 61 लाख रुपए आंकी गई है। मुख्य आरोपी अनुज कुमार ने पूछताछ में बताया कि वह पहले भी दो बार जेल जा चुका है। वह उड़ीसा से गांजा मंगवाकर शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ और एनसीआर में सप्लाई करता था। ड्राइवर जोनी कुमार को प्रति सप्लाई 40,000 रुपए मिलते थे। रचित कुमार गांजे की खरीद-फरोख्त में शामिल था। जतिन और अनिकेत गांजा लदवाने, उतरवाने और बेचने में मदद करते थे। इन्हें प्रति सप्लाई 20-20 हजार रुपए मिलते थे। बाकी मुनाफे की हिस्सेदारी अनुज और रचित आपस में बांट लेते थे।

## सुहाग की दीघार्यु के लिए रखा जाता है व्रत: ज्योति त्रिपाठी



**निर्मल सैनी वेलकम इंडिया**

लखनऊ। अखण्ड सौभाग्य की मनोकामना के साथ सुहागिन महिलाओं ने सोमवार को वट सावित्री व्रत रखा। धार्मिक मान्यता के अनुसार यह व्रत प्रत्येक वर्ष ज्येष्ठ मास की कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को रखा जाता है। आम भाषा में लोग इसे बरगदाई भी बोलते हैं। इस व्रत में पति की लम्बी उम्र के लिए महिलाएं बरगद के वृक्ष की पूजा करती हैं। आपको बता दें कि विकासखंड माल की विशुनपुर गांव में भोर से ही बरगद के वृक्ष के नीचे एकत्र होकर महिलाओं ने सामूहिक रूप से कथा का पाठ किया, एवम्‍ अखंड सौभाग्य के लिए सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री व्रत रखकर पूजन अर्चन किया ।वट सावित्री व्रत करने से अखंड सौभाग्य, सुखी वैवाहिक जीवन और पति की लंबी आयु के प्राप्ति का वरदान मिलता है ।इसी को लेकर विशुनपुर गांव सहित अन्य जगहों पर सुहागिन महिलाओं ने अपने सुहाग के दीघार्यु होने और उनकी कुशलता के लिए पूजा उपासना किया।

## खानपुर पुलिस पर जबरन फैसला करवाने का आरोप पीड़ित ने एसएसपी से की शिकायत

**वेलकम इंडिया**

मामला संज्ञान में नहीं है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।
-प्रखर पांडे क्षेत्रीय अधिकारी स्याना

**बुलंदशहरः** खानपुर ःदरोगा व सिपाही द्वारा जबरन फैसला कराने व गाली गलौज करने की शिकायत को लेकर पीड़ित एसएसपी ऑफिस पहुंचे। पीड़ितों का आरोप है कि दूसरे पक्ष से दरोगा व सिपाही पर साठ गांठ करने का आरोप लगाया है ।पीड़ितों ने एसएसपी ऑफिस पर पहुंचकर दरोगा में सिपाही पर कार्रवाई की गुहार लगाई है ।खानपुर थाने पर तैनात दरोगा राजेश कुमार व सिपाही अंकित पर थाना क्षेत्र के गांव ढक्का में जाकर जबरन फैसला कराने का पीड़ितों द्वारा आरोप लगाया गया है। पूर्व प्रधान व उसके चचेरे भाइयों में जमीनी विवाद को लेकर आपस में मामूली कहासुनी हुई थी। पूर्व प्रधान पक्ष का आरोप है, कि कुछ महानों पूर्व गांव में दोनों ही पक्षों का गांव के सामाजिक लोगों द्वारा बटवारा कर दिया गया था। सामाजिक बंटवारे में जिस जमीन पर विवाद था। उस जमीन के विवाद को लेकर दोनों पक्षों की सहमति बनी थी। और दोनों हीं पक्ष सामाजिक पंचायत के फैसले को अमल करने के बाद स्वीकार किया था। लेकिन दूसरा पक्ष कुछ महीनो बाद पंचायती फैसले को नहीं मानते हुए उनकी ईख की फसल को जबरन काटने पहुंच गया। पीड़ितों का आरोप है, कि गांव के पंचायती फैसला करने वाले सामाजिक लोगों को भी दरोगा द्वारा धमकाने का आरोप लगाया है।

## भारतीय सेना के सम्मान में निकाली गई तिरंगा यात्रा




**वेलकम इंडिया**

**बिस्कोहर/सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत बिस्कोहर प्राइवेट बस अड्डे पर सोमवार शाम पांच बजे भाजपा के तरफ से भारतीय सेना के सम्मान में भारत शौर्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम का संचालन सुधीर त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता जय वर्धन तिवारी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के मिशन को जिस तरह भारत की तीनों सेनाओं ने डट कर मुकाबला करते हुए आतंक के आकाओं को करारा जवाब देकर विजय प्राप्त किया है। निश्चित ही देश का मस्तक गर्व से ऊंचा हुआ है ।पूरे देश के लोगो को अपने देश पर गर्व है। तिरंगा यात्रा नगर स्थित पुलिस चौकी के बगल से होते हुए बाला जी मंदिर व मुख्य कस्बा से परशुराम तिराहे पर पहुंच कर समापन किया गया। तिरंगा यात्रा में भारत माता की जय, वंदे मातरम्‍ आदि नारों से गुंजाय मान रहा। इस अवसर पर सुधीर त्रिपाठी, एडवोकेट गजेन्द्र प्रताप सिंह, संजय सिंह, अखण्ड पाल, राकेश त्रिपाठी, मोना पांडेय, हरिशंकर तिवारी, माधव यादव, राम तेज शुक्ला, कालिया अवस्थी, मोहन मिश्रा, प्रभात जायसवाल, नैन कुमार, आजाद सिंह, जगन्नाथ पाण्डेय, मारुति नंदन मौर्या, राधेश्याम यादव, शंकर यादव, रमेश यादव, राम बनारस पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## भैसहवा तट के पास नदी में उतराता हुआ दूसरे किशोर का भी मिला शव

**वेलकम इंडिया**

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ के बानगंगा बैराज के पास शनिवार शाम को डूबे दो किशोरों में से दूसरे किशोर का शव सोमवार मिश्रौलिया थानाक्षेत्र के ग्राम भैसहवा तट के पास नदी में उतराता हुआ मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों की मदद से शव की पहचान आतिफ (15) पुत्र मोहम्मद हनीफ रूप में की है। एसडीआरएफ की टीम ने रविवार शाम चार बजे नूर आलम (16) पुत्र अब्दुल रफीक के शव को बानगंगा बैराज नदी में खोज निकाला था। दूसरे किशोर का शव मिलने की सूचना पर परिजनों में मातम छा गया है। पुलिस के अनुसार बानगंगा बैराज के पास शनिवार शाम डूबे दो किशोर की तलाश के दौरान बैराज खोल दिया गया था। उसी दौरान नदी के पानी के साथ दूसरे किशोर का शव भी बह गया होगा, जो मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के ग्राम भैसहवा तट के पास नदी के किनारे जाकर उतरा गया। सदर थाना क्षेत्र क बेलसड़ निवासी आतिफ (15) पुत्र मोहम्मद हनीफ और नूर आलम (16) और अरमान बानगंगा नदी बैराज पर घूमने गए थे। बैराज के पीछे नदी में पानी को देखकर आतिफ और नूर नदी में नहाने कूद गए। जबकि साथ आए अरमान नहाने नहीं गया। देखते ही देखते दोनों गहरे पानी में चले गए। जब तक साथी अरमान कुछ समझ पाता, तब तक उसके साथी नदी में डूब गए और लापता हो गए थे। रविवार को एसडीएम राहुल सिंह, प्रभारी निरीक्षक विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी व तहसीलदार अजय कुमार ने स्थानीय गोताखोरों व एसडीआरएफ की टीम ने रविवार एक किशोर मिलने के बाद सोमवार को में तलाश करने जुट गई। दोपहर बाद सूचना मिली कि मिश्रौलिया थानाक्षेत्र के ग्राम भैसहवा तट के पास नदी के किनारे एक शव उतराया स्थानीय लोगो ने देखा है। सूचना पर एसडीएम राहुल सिंह, प्रभारी निरीक्षक विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी व तहसीलदार अजय कुमार और मिश्रौलिया थाना पहुंची।

# बरेली में रोहिंग्या और बांग्लादेशियों के लिए पुलिस का बड़ा एक्शन प्लान

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बरेली जिले में रोहिंग्या और बांग्लादेशियों की पहचान के लिए 15 दिन का अभियान शुरू किया गया है। सरकार का मानना है कि इनकी वजह से देश की सुरक्षा को खतरा बना रहता है। इस अभियान को लेकर अधिकारियों ने बताया है कि अवैध रोहिंग्या और बांग्लादेशी प्रवासियों की पहचान के लिए 15 दिवसीय विशेष अभियान सोमवार से बरेली में शुरू किया जा चुका है। जिले की पुलिस ने अभियान के लिए थानेवार टीमें बनाई हैं, जो अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों और सर्कल अधिकारियों की देखरेख में एक पखवाड़े तक चलेगी। जिले भर के सभी स्टेशन हाउस अधिकारियों (एसएचओ) को अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने के निर्देश भी दिए गए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अनुराग आर्य ने सोमवार को अपने कैंप कार्यालय से आयोजित बैठक के दौरान इस पहल का शुभारंभ किया। उन्होंने निर्देश दिया कि अभियान जिले में टेंट और झोपड़ियों जैसी अस्थायी बस्तियों में रहने वाले व्यक्तियों की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। इसका उद्देश्य अवैध प्रवासियों का पता लगाना और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू करना है। उन्होंने दोहराया कि पूरी पहचान और कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की कड़ी निगरानी में थानेवार टीमें काम करेंगी। बैठक में एसएसपी ने आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के मद्देनजर जिले की कानून व्यवस्था की तैयारियों की भी समीक्षा की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य में अधिकारियों को पिछले विवादों या ज्ञात प्रतिद्वंद्विता में शामिल व्यक्तियों का सत्यापन और निगरानी करने का निर्देश दिया, जो चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित कर सकते हैं। सभी एसएचओ को संवेदनशील क्षेत्रों में कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने जिले भर में प्रमुख ऐतिहासिक हस्तियों की सार्वजनिक मूर्तियों की सुरक्षा और रखरखाव के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने बताया कि 18 से 24 मई तक ह्लवॉकथ्रूह्व नामक एक जनसंपर्क अभियान चलाया गया, जिसके दौरान पुलिस कर्मियों ने सुबह और शाम के समय पार्कों, बाजारों, मंदिरों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर गश्त की, ताकि नागरिकों के बीच दृश्यता और विश्वास बढ़े। एसएसपी ने अब पुलिस थानों को इस तरह की पहल नियमित रूप से जारी रखने और सार्वजनिक जुड़ाव को मजबूत करने का निर्देश दिया है। एसएसपी अनुराग आर्य ने हिस्ट्रीशीटरों की चल रही निगरानी, ??मृतक या गलत तरीके से सूचीबद्ध अपराधियों के रिकॉर्ड की पुष्टि और फर्जी प्रविष्टियों को खत्म करने की समीक्षा की। बीट अधिकारियों को अपने निर्धारित क्षेत्रों में सक्रिय रूप से गश्त करने और अपने एसएचओ को किसी भी खुफिया जानकारी की सूचना देने के लिए कहा गया है। एसएसपी ने जिले के शीर्ष-10 सूचीबद्ध अपराधियों के खिलाफ की गई कार्रवाई की भी समीक्षा की।

# हाथरस का विकास न होने के दो लोग जिम्मेदार हैं, पहला जनता दूसरी सरकार : चंद्रशेखर

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**



**हाथरस।** पहुंचे भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और नगीना के सांसद चंद्रशेखर आजाद ने सरकार पर निशाना साधा है। मंहगाई के सवाल पर कहा कि सरकार जनता की खाल तक खींच लेगी। बस आप लोग देखते जाओ। हाथरस का विकास न होने के दो लोग जिम्मेदार हैं। पहला जनता दूसरी सरकार। दोनों तरफ लगती हुई। जनता ने जिन सरकारों को चुनकर मौका दिया उन सरकारों ने यहां के बारे में नहीं सोचा। सिकंदराराऊ सत्संग हादसे में लोगों को इलाज के लिए कहां-कहां लेकर जाना पड़ा। यदि क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज होता तो कई लोगों की जान बचाई जा सकती थी। चंद्रशेखर आजाद ने सोमवार को सादाबाद में अंबेडकर पार्क का दौरा किया। उन्होंने बाबा साहेब अंबेडकर को माल्यार्पण किया और समर्थकों को संबोधित किया। चंद्रशेखर ने कहा, वर्तमान में रोटी, रोजगार, अस्पताल और शिक्षा जैसे मूलभूत मुद्दों की बजाय धार्मिक मुद्दों को प्राथमिकता दी जा रही है। आज की जनता को रोजी रोजगार कहां चाहिए। आज कल तो लोग धर्म के नाम लड़ रहे। आज कल धार्मिक नारों के नाम लोगों को मारा जा रहा है। लोगों को इधर उधर की बात करके गुमराह किया जा रहा है। आगे चंद्रशेखर ने कहा जैसे यहां इतनी भीड़ है, अभी खबर कर दी जाए कि यहां सांप है तो आप सब लोग भाग जाएंगे। ऐसे ही इस भीड़ से समाज का भला नहीं हो सकता। नारे लगाया करो परन्तु पढ़ा भी करो बाबा साहब के उपदेशों को पढ़ा करो कैसे हमारी समस्या खत्म होगी कैसे हमें रोजी रोटी रोजगार मिलेगा। कैसे हमें सम्मान मिलेगा। केवल नारा लगाने से हमें सम्मान नहीं मिलेगा। बेबसी लाचारी अन्याय खत्म हो जाएगा। आगे आने वाला समय और खतरनाक है इसीलिए पढ़ो लिखो, पढ़ लिखकर ही आगे बढ़ोगे।

# मथुरा में सफाई व्यवस्था में लापरवाही मिलने नगर आयुक्त ने दी कार्यदायी संस्था को कड़ी चेतावनी

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** महानगर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु नियमित रूप से सफाई कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया जा रहा है। रविवार को प्रातः नगर आयुक्त जग प्रवेश द्वारा गोवर्धन रोड एवं सौंख रोड क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। गोवर्धन रोड पर श्रीजी बाबा स्कूल के समीप स्थित डलाब घर की सफाई एवं कूड़ा उठान कार्य निर्धारित समयानुसार न पाए जाने पर नगर आयुक्त ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था को कड़ी चेतावनी दी। साथ ही कार्यदायी संस्था को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि डलाब घर से कूड़ा सुबह 9 बजे से पूर्व हर हाल में उठाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि आगामी दिनों में पुनः निरीक्षण किया जाएगा और यदि स्थिति में सुधार नहीं पाया गया तो जुमार्ना लगाने की कार्रवाई की जाएगी। इसके उपरांत नगर आयुक्त को सौंख रोड क्षेत्र के निरीक्षण में कुछ स्थानों पर गंदगी एवं नाले की उचित सफाई न होने की स्थिति मिली । इस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि नगर के सभी डलाब घरों की सफाई सुबह 9 बजे से पहले हो जानी चाहिए तथा कहीं भी गंदगी नहीं होनी चाहिए । इसके अतिरिक्त उन्होंने निर्देश दिए कि सभी नालों की तालीझाड़ सफाई नियमित रूप से कराई जाए जिससे बारिश के दौरान जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो। नगर आयुक्त ने स्पष्ट किया कि सफाई कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आवश्यकतानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.गोपाल बाबू गर्ग मुख्य सफाई निरीक्षक मुकेश शर्मा कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि अभिलाष चौधरी उपस्थित रहे।

# संविधान को बचाने वालों के साथ होगा गठबंधन : श्याम लाल

वेलकम इंडिया



प्रयागराज में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने सोमवार को कहा कि संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए आगे आने वाले दलों का स्वागत है। हालांकि यह निर्णय पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व है। कहा कि पीडीए की मजबूती सत्ताधारी पार्टी भाजपा को अखर रही है। क्योंकि पीडीए की मजबूती ही सपा की वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में वापसी होगी। प्रदेश अध्यक्ष ने यह बातें सपा जिला कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को संबोधित करते हए कही। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्त्ता बूथ वार पीडीए सम्मेलन करके लोगों को जागरूक कर रहे हैं। सामाजिक न्याय के राज की स्थापना एवं संविधान, आरक्षण की रक्षा के लिए हर कार्यकर्ता पीडीए समाज के बीच संपर्क, संवाद और सहायता के जरिये और अधिक सौहार्द पूर्ण संबंध विकसित कर रहे हैं। पार्टी का यह अभियान वर्ष 2027 में होने वाले चुनाव तक अनवरत चलता रहेगा। सपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जातीय जनगणना ही सामाजिक न्याय का स्त्रोत होगी। गरीब, किसान, मजदूर, अल्पसंख्यक, असुरक्षित महिला एवं उपेक्षित युवाओं को उनका हक दिलाने के लिए पार्टी कार्यकर्ता जुटे हुए हैं। इसके पूर्व बैठक में समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के नव नियुक्त प्रदेश सचिव मनीष यादव का पार्टी कार्यालय में स्वागत हुआ। बैठक में सपा गंगापार अध्यक्ष अनिल यादव एवं महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन ने जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं की बदहाली, पेय जल की किल्लत, टूटी सड़कों सहित कानून व्यवस्था पर शीघ्र ही आंदोलन की रणनीति बनाए जाने की चर्चा की।

# थाना कोतवाली पुलिस द्वारा नशीला पाउडर बेचने वाले 01 व्यक्ति को किया गिरफ्तार, नशीला पाउडर बरामद



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** थाना कोतवाली पुलिस द्वारा दिनांक 26.05.2025 को समय करीब 4 बजे बैंक कालोनी से लिंक रोड पर फ्लाई ओवर के नीचे, रेलवे लाइन के पास चौकी क्षेत्र कृष्णानगर थाना कोतवाली, संदिग्ध व्यक्ति/ वाहन की चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर अभियुक्त विक्रम पुत्र छीतरिया निवासी ग्राम बाजना थाना हाईवे मथुरा (उम्र करीब 30 वर्ष) को अवैध नशीला पाउडर एल्प्राजोलम (कुल वजन 165 ग्राम) के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त से हुई बरामदगी के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

# मंगला प्रसादी सेवा मंडल द्वारा आम-चुनरी मनोरथ एवं फूल बंगला 31 को


वेलकम इंडिया




**मथुरा।** श्री द्वारिकाधीश मंगला प्रसादी सेवा मंडल द्वारा द्वारिकाधीश मंदिर प्रांगण मे आम-चुनरी मनोरथ एवं फूल बंगला और छप्पन भोग महोत्सव का आयोजन 31 मई शनिवार को शाय 6 बजे से आयोजित होगा।कार्यक्रम मे सर्व प्रथम शोभा यात्रा उसके उपरांत यमुना पूजन व चुनरी मनोरथ के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। भोजन प्रसादी के साथ समापन किया जायेगा।आम मनोरथ शोभा यात्रा 31 मई को सुबह 7 बजे दाऊजी मन्दिर चौक बाजार से होते हुए असकुंडा घाट तक निकली जाएगी।इसके साथ ही यमुना मनोरथ पर्व चुनरी उड़ाकर किया जाएगा। भक्तों ने बताया कि एक साल पहले श्री द्वारकाधीश मंगला प्रसादी सेवा मण्डल ग्रुप की शुरूआत की गयी थी। सायं 5 बजे ठा द्वारकाधीश मंदिर में फूल बंगला एवं आम मनोरथ के दर्शन होंगे। इसके बाद रोजाना ठा. द्वारकाधीश मंदिर में 1 कि. प्रसादी का प्रतिदिन वितरण किया जाता है, सभी त्योहारों और उत्सवों के अवसर पर ग्रुप के द्वारा विभिन्न प्रसादी व भण्डारों का आयोजन समय-समय पर किया जाता है। ग्रुप के पदाधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि अनाथ एवं असहाय बच्चों को विभिन्न सामग्री व निर्धन बच्चों की स्कूल फीस जमा करायी जाती है।

एक वर्ष पूरे होने पर काकरौली नरेश गोस्वामी 108 डॉ वागीश कुमार महाराज के षष्ठी पूर्ति होने के उपलक्ष्य में भव्य फूल बंगला, आम मनोरथ, यमुना महारानी का चुनरी मनोरथ व छप्पन भोग का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों के लिए ग्रुप के द्वारा एक टीम गठित करली गयी है, जिसमें समाज सेवी सौरभ वर्मा, दीपक अग्रवाल, प्रदीप सोनी, वीना आंटी, डॉ मीनाक्षी सिंह, भूपेन्द्र गौतम, महेश खण्डेलवाल, संदीप अग्रवाल, लवकेश गोला, राजीव वर्मा, पीयूष गर्ग, किशन पण्डित, उमेश भदौरिया आदि मेम्बरों को मैन जिम्मेदारी दी गई है। सेवा मंडल के जिम्मेदार मेम्बरों ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री द्वारिकाधीश मंगला प्रसादी सेवा मंडल के एक वर्ष पूर्ण होने पर द्वारिकाधीश मंदिर मे 31 मई को आम मनोरथ एवं फूल बगला और यमुना महारानी चुनरी मनोरथ एवं छप्पन भोग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा हैं। वही मंडल के ग्रुप एडमिन समाजसेवी सौरभ वर्मा ने सभी दर्शनार्थियों से निवेदन किया हैं द्वारिकाधीश मंदिर मे आकर आम चुनरी मनोरथ के दर्शन कर पुण्य लाभ उठाए।

# 1200 पाकर खिले छात्र व छात्राओं के चेहरे



वेलकम इंडिया

**डिबाई।** ब्लॉक संसाधन केंद्र डिबाई पर उ प्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग के जनहित कार्यों का उद्घाटन एवं डीबीटी के माध्यम से छात्र-छात्राओं के अभिभावकों के खाते में ?1200 प्रति छात्र छात्रा के दर से स्थानांतरण के ऑनलाइन उद्घाटन प्रसारण का बीआरसी डिबाई पर विधायक डिबाई सीपी सिंह लोधी एवं ब्लॉक प्रमुख पति डिबाई अनार सिंह लोधी की उपस्थिति में ब्लॉक के अनेक शिक्षकों के साथ कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं ने सजीव प्रसारण श्रवण कर लाभान्वित हुए। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी डिबाई हेमलता ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाएं समाज को एक नई दिशा प्रदान कर रही हैं।

# नशे की लत मे प्रतापगढ़ की युवा पीढ़ी नशापुर्ति के लिए करते है चोरी लूट जैसे अपराध

वेलकम इंडिया

**प्रतापगढ़ ।** जनपद में नशे की समस्या,विशेष रूप से गांजा, स्मैक,और एमडी जैसे खतरनाक मादक पदार्थों का बढ़ता प्रचलन, एक गंभीर चिंता का विषय है। युवा पीढ़ी पर इसका व्यापक प्रभाव पड़ रहा है, जिससे सामाजिक, आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ रही हैं।जिले में नशीले पदार्थों की तस्करी और बिक्री एक गंभीर समस्या बन चुकी है। नशे की लत के कारण युवा न केवल अपनी सेहत, बल्कि परिवार की आर्थिक स्थिति और सामाजिक प्रतिष्ठा को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। नशे की पूर्ति के लिए चोरी, लूट जैसी आपराधिक गतिविधियों में वृद्धि देखी गई है । पुलिस की कार्रवाई की प्रभावशीलता पर सवाल उठ रहे हैं।अन्य राज्यों में पुलिस ने नशे के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं, जैसे पंजाब में 30 किलो हेरोइन की बरामदगी और रतलाम में 83 तस्करों की गिरफ्तारी। प्रतापगढ़ में भी ऐसी समन्वित और सख्त कार्रवाई की आवश्यकता है। नशीले पदार्थों की आपूर्ति का नेटवर्क संगठित और अंतरराज्यीय है। प्रतापगढ़ के हर एक गाव मे गजेडी मिल जाएगे ,पीडा तो और बडी तब महसूस होती है। जब यह देखने मे आता है कि बेहद कम उम्र के बच्चे गाजा पीते दिख जाते है और उनके मा बाप को जानकारी होने पर वो खामोश रह छुपाते है। यदि किसी ने कह दिया तो आमादा मारपीट गाली गलौज पर आ जाते है । अक्सर देखने मे आता है ये बच्चे किसी की ट्यूबवेल का पखा तो कही बोरिग की मोटर या किसी कि साईकिल उडा देते है। ये बच्चे अपने ही गाव की बकरिया भी खोल बेच देते है तो कयी घरो से अनाज ही चुरा कर बेच देते है लेकिन पीडित ग्रामीण भयवश चुप रह जाते है।

# अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा की बैठक हुई संपन्न

वेलकम इंडिया




**मथुरा/गोवर्धन।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा की बैठक गोवर्धन बस स्टैंड के निकट गिरधर गोपाल मंदिर में आयोजित की गई जिसमें सर्वसम्मति से गिरधर गोपाल शर्मा को गोवर्धन तहसील क्षेत्र का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। जिला अध्यक्ष दुष्यंत सारस्वत ने कहा कि गिरधर गोपाल हमेशा से समाज की सेवा एवं विप्र हित में कार्य करते आ रहे हैं इसीलिए ब्राह्मण समाज के प्रति उनकी निष्ठा को देखते हुए आज उन्हें गोवर्धन तहसील क्षेत्र का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बैठक में गौरव अविरल शास्त्री, भागवत आचार्य पवन कृष्ण शास्त्री, महानगर उपाध्यक्ष आचार्य दीपक गोस्वामी, आचार्य मनोज कृष्ण शास्त्री, दीपक कृष्ण गोस्वामी आदि विप्र महानुभव उपस्थित रहे।

# प्रयागराज में अहिल्याबाई होल्कर को त्रिशताब्दी स्मृति कार्यक्रम अयोजित

वेलकम इंडिया




सनी कुमार केसरवानी संवाददाता

प्रयागराज प्रयागराज में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी जयंती समारोह की सफलता के लिए भारत विकास परिषद् प्रयाग प्रांत की मातृशक्ति को जाता है जिन्होने अल्प समय में संगठित तरीके से सफलता पूर्वक कार्यक्रम को आयोजित किया! साथ ही वात्सल्य अस्पताल की निदेशक और उत्तर प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की महामंत्री डॉ कीर्तिका अग्रवाल जी एवं डॉ नीरज अग्रवाल जी को बहुत बहुत धन्यवाद एवं आभार जिन्होंने वात्सल्य सभागार में कार्यक्रम आयोजन के लिए स्वीकृति दी डॉ रश्मि शुक्ला जी एवं श्रीमती संतोष सेठ जी और उनकी टीम को को बहुत बहुत धन्यवाद जिन्होंने कार्यक्रम को सांस्कृतिक स्वरूप प्रदान करके एक अमिट छाप छोड़ी है, प्रांतीय अध्यक्ष श्री आर एस सिंह, प्रांतीय वित्त सचिव, प्रांतीय गतिविधि संयोजक (सेवा) मनीष सिंह जी, कालिंदी शाखा सचिव मिहिर सिंह , प्रांतीय मीडिया प्रभारी आशीष गुप्ता , डॉ मनोज मिश्रा, कविता श्रीवास्तव, प्रदीप कुमार जायसवाल रेखा मिश्रा नूतन सिंह अमित श्याम आर एस सिह एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शाखाओं के दायित्वधारियों एवं सम्मानित सदस्यों को बहुत बहुत धन्यवाद एवं आभार किया गया है।

# आगरा में (जीएनआरएफ) गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन के माध्यम से मुफ्त ठंडे पानी के स्टॉल का उद्घघाटन

वेलकम इंडिया




आगरा में जहां गर्मी में तामपान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है ऐसे में पीने के पानी की कमी सब से ज्यादा बस ऑटो से यात्रा कर रहे यत्रियों को होती है इन्हीं यात्रियों के लिए आज गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन के बैनर तले ठंडे पानी का स्टॉल लोहामंडी चौराहे पर लगाया गया। जिसका उद्घाटन पार्षद गजेंद्र पीपल, अशफाक सैफी ,कमल बाल्मीकि, पार्षद शरद चौहान इरफान कुरैशी के हाथों से किया गया इस पानी के ठंडे स्टॉल से स्थानीय सड़क और बस ऑटो से यात्रा करने वाले यात्रियों ने पानी पिया और गर्मी से राहत पायी। स्थानीय लोगों ने ऋठफत्र्क के इस कार्य की सराहना की और प्रोत्साहित किया। इस भीषण गर्मी में प्यासे लोगों को पीने के लिए पानी की उपलब्धता न केवल अस्थायी राहत देती है, बल्कि पानी की कमी से होने वाली बीमारियों से भी सुरक्षा प्रदान करती है। इस मौके पर दावते इस्लामी इंडिया के आगरा मंडल निगरान रजा अत्तारी और जिला निगरान फैजल अत्तारी ने बताया कि गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन दावते इस्लामी की एक सामाजिक और कल्याणकारी शाखा है जिसका मकसद लोगों की सेवा करना है ।यह विभिन्न तरीकों से समाज के लोगों की सेवा करता है। जैसे सर्दी के मौसम में गरीबों और जरूरतमंदों को कंबल वितरित करना, गर्मी के मौसम में पीने का पानी उपलब्ध कराना, पौधारोपण के मौसम में पौधे लगाना और स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित लोगों के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित करना, साथ ही समय-समय पर रक्तदान शिविर आयोजित करना साथ ही जरूरत मंद और गरीबों को राशन किट वितरित करना इस विभाग का प्रमुख एवं विशेष कार्य है। उन्होंने कहा कि जो कोई भी इन नेक कार्य में हिस्सा लेना चाहता है वो हम से संपर्क करे ।इस प्रोग्राम को कामियाब बनाने मे रजा अत्तारी ,फैजल अत्तारी, एडवोकेट हाजी शानू कुरैशी ,नईम अत्तारी, जाकिर अत्तारी, इकबाल अत्तारी, आमिर अत्तारी, हाजी नईम उद्दीन, मुश्ताक हुसैन, आदि का विशेष योगदान रहा।

# वट वृक्ष की परिक्रमा कर सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी आयु की कामना की

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** वट सावित्री व्रत के चलते सोमवार को सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी आयु के लिए वृत रखते हुये बरगद के पेड़ की पूजा की और आशीर्वाद लिया। बताया जाता है कि यह दिन सुहागिन महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार सावित्री नाम की महिला ने अपने सुहाग यानि पति के प्राणों की रक्षा के लिए वट वृक्ष के नीचे यमराज की पूजा की, जिससे प्रसन्न होकर यमराज ने सत्यवान की आयु बढ़ा दी। सुहागन स्त्रियां सावित्री की तरह वटवृक्ष के नीचे पूजा करती है और पति की लंबी आयु की कामना करती है। हिन्दू धर्म में महिलाएं पति की लंबी आयु और स्वास्थ्य की कामना में कई व्रत रखती है। इनमें एक प्रमुख व्रत है वट सावित्री का व्रत भी है। यह व्रत ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को रखा जाता है। महिलाएं देवी सावित्री के पति प्रेम और पतिव्रत धर्म को स्मरण कर अखंड सौभाग्य के लिए प्रार्थना करती है। वट सावित्री की कथा के अनुसार देवी सावित्री ने पति के प्रणों की रक्षा के लिए विधि के विधान को बदल दिया था। कठोर तपस्या से सावित्री ने यमराज को अपने पति सत्यवान के प्राण लौटाने पर विवश कर दिया था। यमराज ने वटवृक्ष के नीचे ही सत्यवान के प्राण लौटाये थे ओर वरदान भी दिया था कि जो सुहागिनें वटवृक्ष की पूजा करेगी, उन्हे अखंड सौभाग्यवती रहने का आशीर्वाद मिलेगा। इस पर्व को लेकर सुबह से ही सुहागिनों ने पूजा के लिए व्यजंन बनायें और सज-धजकर महिलाओं ने बरगद के पेड़ के नीचे जाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की, इसके बाद व्रत तोड़ा।

# मेरठ साउथ नमो भारत स्टेशन पर रूफटॉप सोलर पॉवर प्लांट स्थापित

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**



**मेरठ।** सौर ऊर्जा उत्पादन से 'क्लीन और ग्रीन एनर्जी' के उपयोग को बढ़ावा देते हुए एनसीआरटीसी ने मेरठ साउथ नमो भारत स्टेशन पर सोलर रूफटॉप प्लांट स्थापित किया है। यह एनसीआरटीसी के स्टेशनों, डिपो और सब-स्टेशनों को सौर ऊर्जा उत्पादन के केंद्रों में बदलने के व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा है, जो इस सिस्टम के कार्बन फुटप्रिंट्स को काफी कम करता है। वर्तमान में नमो भारत कॉरिडोर के साहिबाबाद, गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई नमो भारत स्टेशन एवं दुहाई डिपो स्टेशन और डिपो बिल्डिंग के अलावा गाजियाबाद और मुरादनगर आरएसएस पर सोलर पावर प्लांट पहले से स्थापित हैं। अब इस कड़ी में मेरठ साउथ नमो भारत स्टेशन स्टेशन भी जुड़ गया है। मेरठ साउथ स्टेशन की छत पर लगे संयंत्र की इंस्टॉल्ड कैपेसिटी 717 किलोवाट पीक (ह्यहस्त्र) है। मेरठ साउथ स्टेशन की छत पर 1304 सोलर पैनल स्थापित किए गए हैं। प्रत्येक पैनल की कैपेसिटी 550 वाटपीक है। यह ऊर्जा संयंत्र अनुमानित तौर पर प्रति वर्ष लगभग 8,15,000 यूनिट सौर ऊर्जा उत्पन्न करेगा। मेरठ साउथ स्टेशन के सोलर प्लांट से अनुमानित तौर पर सालाना 750 टन कार्बन उत्सर्जन कम होने की उम्मीद है। एनसीआरटीसी ने दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर पर सौर ऊर्जा के बुनियादी ढांचे को अपनाते हुए नवीकरणीय ऊर्जा उत्पन्न करने में महत्वपूर्ण प्रगति हासिल की है। इस प्रक्रिया में स्टेशनों, डिपो और रिसीविंग सब-स्टेशनों की छतों पर सौर पैनल स्थापित किए गए हैं। दिल्ली-मेरठ के बीच 82 किमी लंबे सम्पूर्ण नमो भारत कॉरिडोर पर इससे 11 मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन करने का लक्ष्य है, जिससे सालाना 11,500 टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन कम होने की उम्मीद है। गाजियाबाद स्टेशन का रूफटॉप सौर ऊर्जा संयंत्र सबसे अधिक क्षमता का प्लांट है, जिसमें लगभग 1 मेगावाट (965 किलोवाट (ह्यहस्त्र)) की सोलर ऊर्जा उत्पादन करने की क्षमता है। नमो भारत के अन्य स्टेशनों पर भी सोलर प्लांट की स्थापना का कार्य प्रगति पर है। इस संयंत्र के परिचालित होने के साथ ही, वर्तमान में नमो भारत कॉरिडोर के संचालित खंड से 4.7 मेगावाट पीक इन-हाउस सौर ऊर्जा का उत्पादन किया जा रहा है और इससे सालाना 4900 टन से अधिक कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी लाने के लिए योगदान हो रहा है।

एनसीआरटीसी द्वारा अपनाई गई सौर नीति का लक्ष्य अपने सिस्टम में अधिक सौर ऊर्जा उत्पन्न कर नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी बढ़ाना है। यह पहल राष्ट्रीय सौर मिशन के उद्देश्यों के अनुरूप है और क्षेत्र व राष्ट्र को लाभ पहुंचाने के लिए स्वच्छ, सतत ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देने में एनसीआरटीसी की भूमिका को मजबूत करती है।

# सरधना में हेल्थ क्लीनिक पर हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन

**वेलकम इंडिया**



मेरठ के सरधना हेल्थ क्लीनिक डा० आसमोहम्मद के क्लिनिक पर रक्तदान कैम्प का अयोजन शाईन चैरिटेबल ट्रस्ट मेरठ की तरफ से लगाया गया। जिसका उद्घाटन चेयरपर्सन पुत्र शाहवेज अंसारी व डाक्टर आसमुहम्माद, समाज सेवी सुहैल इसहाक कुरैशी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। शाहवेज अंसारी ने रक्त दान करने के बाद कहा कि रक्तदान से आपका कुछ भी खर्च नही होगा, लेकिन आपका यही रक्तदान किसी के लिए जीवनदान साबित होगा। समय समय पर रक्तदान करके कई लोगों की जिंदगियां बचाई जा सकती है, साथ ही ज्यादा से ज्यादा लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करना हमारा कर्तव्य है, रक्तदान को महादान कहा गया है। 18 से 65 वर्ष की आयु के बीच कोई भी व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। तो हम सब को भी नियमित तौर पर रक्तदान करते रहना चाहिए। डॉक्टर आसमुहम्मद ने कहा की रक्तदान कर हम जहां एक ओर किसी की जान बचाते हैं वहीं दूसरी ओर इससे जबर्दस्त आत्म संतुष्टि मिलती है। कई लोग रक्तदान को लेकर फैली भ्रांतियों के कारण रक्तदान करने से कतराते हैं जबकि इससे कोई हानि नहीं होती बल्कि कई प्रकार लाभ होते हैं। हम सभी को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। उक्त कैंप में लोगो ने भड़ चड़ कर हिस्सा लिया जिसमे डॉक्टर सुधीर, डा० शारुख, विक्की, हिमांसी, कुलदीप पाल, ऋषभ पाल, मुहम्मद शामी आदि लोगों ने बड़ चढ़ कर ब्लड डोनेट कैंप मै हिस्सा लिया, ट्रस्ट अध्यक्ष डाक्टर नाजिम ने कहा उक्त कैंप हम लगातार नगर व आश पास के छेत्र में लगाते रहते हैं। जिसमें सभी डोनेट कराने वालों को मेडल, हेलमेट, वाटर बोटल व जूस आदि दिए गए।

# टप्पेबाजी की घटना में वांछित बदमाशों के साथ थाना अनूपशहर पुलिस व स्वाट टीम देहात की हुई मुठभेड़



**वेलकम इंडिया**

बुलंदशहर थाना अनूपशहर पुलिस टीम व स्वाट टीम देहात एक अभिसूचना के आधार पर गंगापुल बैरियर पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चैकिंग कर रही थी उसी समय बहजोई की तरफ से एक संदिग्ध बाइक आती हुई दिखाई दी जिसको रूकने का इशारा किया गया, नही रुके बल्कि बाइक को दाईं तरफ तेजी से मोड़कर श्मशान घाट के कच्चे रास्ते पर भागने लगे जिससे बदमाशों की बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। जिसपर पुलिस टीम द्वारा घेराबन्दी की गयी तो बदमाशों द्वारा अपने आपको पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गयी, पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में 02 बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गये जिनको गिरफ्तार किया गया। घायल बदमाशों की पहचान . हनी वर्मा ओर अनुज वर्मा के रुप में हुई

उल्लेखनीय है कि उक्त बदमाश शातिर किस्म के अपराधी हैं। जिनके द्वारा दो दिन पूर्व थाना अनूपशहर क्षेत्र में एक व्यक्ति से टप्पेबाजी कर 1,00,000/- रुपए हड़प लेने की घटना कारित की गयी थी।

# श्री पीताम्बरा आश्रम में मारुति महामंगल अर्चन अनुष्ठान

**वेलकम इंडिया**



**बांसवाड़ा,** 26 मई/गायत्री मण्डल की ओर से संचालित श्री पीताम्बरा आश्रम में मारुति महामंगल अर्चन अनुष्ठान में भक्तों ने श्रृद्धा और आस्था के साथ हनुमान पूजन-अर्चन किया और हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ एवं विजय मंत्र जप आदि किए। सनातन मंगल की कामना से भगवान श्री हनुमानजी का 108 दीप यज्ञ अनुष्ठान किया गया। इस दौरान पं. आशीष पण्ड्या (पिण्डारमा) के आचार्यत्व में हनुमान सहस्त्रनामावली और हनुमान मंत्रों से पुष्प एवं अक्षत से हनुमानजी के श्रीविग्रह पर अर्चन अनुष्ठान किया गया। इनमें गायत्री मण्डल के कार्यकारिणी सदस्य पं. चन्द्रेश व्यास, डॉ. नवीन उपाध्याय, प्रतिमा सराफ, मेघा, यश, सौम्या शाह, नमय, ध्याना, नीना गुप्ता, हिरेन उपाध्याय, पुष्पा व्यास, डॉ. मनीषा उपाध्याय ने भाग लिया और मंत्रोच्चारपूर्वक पुष्प एवं अक्षत अर्पित किए। लालीवाव मठ के पीठाधीश्वर महामण्डलेश्वर श्रीमहंत हरिओमदासजी महाराज ने हनुमान आरती विधान किया और विश्वमंगल की कामना की। महामंगल अर्चन अनुष्ठान के उपरान्त सामूहिक पुष्पान्जलि अनुष्ठान में गायत्री मण्डल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोहर जी. जोशी, एड्वोकेट यशपाल गुप्ता, ईश्वरदास वैष्णव, द्रोमिल त्रिवेदी, पं. मनोज नरहरि भट्ट, ललित आचार्य, सुधीर चौबीसा, विपीन भट्ट, किशोर पाठक, पंकज नारायण वैष्णव, बंटी सोनी आदि ने हिस्सा लिया। महामण्डलेश्वर श्रीमहंत हरिओमदासजी महाराज ने इस अवसर पर अपने प्रवचन में श्रृद्धालुओं को संबोधित करते हुए हनुमान भक्ति अपनाकर जीवन को आदर्श एवं मंगलकारी बनाने और शुचिता के साथ कर्मयोग करते हुए समाज और देश की समर्पित सेवा करने का आह्वान किया। उन्होंने गायत्री मण्डल की गतिविधियों एवं श्री पीताम्बरा आश्रम के कार्यकलापों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले समय में श्री पीताम्बरा आश्रम धर्म-अध्यात्म और संस्कृति चेतना का महत्त्वपूर्ण केन्द्र बनकर उभरेगा। आरंभ में गायत्री मण्डल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोहर जोशी, कोषाध्यक्ष अनन्त जोशी, कार्यकारिणी सदस्य कमलकान्त भट्ट, ईश्वरदास वैष्णव, सुनील दोसी, जगदीशचन्द्र सागवाड़िया, ललित जरादी एवं हेमांग जोशी ने उपरणा एवं पुष्पहारों से महामण्डलेश्वर का स्वागत किया।

# आधार सम्मान से सम्मानित होंगे बहुचर्चित कथाकर एस. आर. हरनोट

**वेलकम इंडिया**



**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा)** : भारत के मूर्धन्य रचनाकारों को उनके उल्लेखनीय साहित्यिक अवदान के लिए सम्मानित करने की अपनी परंपरा का निर्वाह करते हुए आधार प्रकाशन की ओर से दो वर्षों के आधार सम्मानों की घोषणा एकसाथ की गई है। हर वर्ष की तरह इस बार भी आधार प्रकाशन 20 दिसंबर को अपने स्थापना दिवस पर दो बड़े रचनाकारों को सम्मानित करने जा रहा है। वर्ष 2024 के 'आधार सम्मान' के लिए हिंदी के बहुचर्चित कथाकार एस आर हरनोट को चुना गया है। जबकि वर्ष 2025 के 'आधार सम्मान' के लिए सुप्रसिद्ध कहानीकार एवं गद्यकार जयशंकर को चुना गया है। यह बात गौर तलब है कि एस आर हरनोट का संबंध हिमाचल प्रदेश से है, जबकि जयशंकर महाराष्ट्र से संबंधित ऐसे रचनाकार हैं, जो मूलतः दक्षिण भारतीय हैं। निर्णायक मंडल के सदस्यों में प्रो देवेंद्र चौबे, आलोचक एवं कथाकार, जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली; विनोद शाही, प्रख्यात आलोचक एवं चिंतक; और किरण सिंह, सुप्रसिद्ध कथाकार, लखनऊ शामिल हैं। यह जानकारी आज आधार प्रकाशन संस्थान और पत्रिका के संपादक देश निमोर्ही ने दी। उन्होंने कहा कि आधार प्रकाशन भारत का प्रतिष्ठित प्रकाशन संस्थान है जो अपने सहयोगी सतलुज प्रकाशन के साथ मिलकर हिंदी का ही प्रतिष्ठित संस्थान नहीं, साथ-साथ पंजाबी और अंग्रेजी की किताबों को भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान कर रहा है।

# दो दिवसीय 8वीं एमराल्ड ताइक्वांडो चैम्पियनशिप 2025 का भव्य समापन

**वेलकम इंडिया**




**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) :** कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल, सेक्टर 9 में आयोजित दो दिवसीय ह्ल8वीं एमराल्ड ताइक्वांडो चैम्पियनशिप 2025ह्व का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। एमराल्ड मार्शल आर्ट्स एकेडमी की विभिन्न शाखाओं के 3 से 17 वर्ष आयु वर्ग के 500 खिलाड़ियों ने अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा और खेल भावना का प्रदर्शन किया। समारोह के अंतिम दिन मुख्य अतिथि के रूप में सिटिजन अवेयरनेस ग्रुप के चेयरमैन सुरेन्द्र वर्मा; केबीडी के प्रबंध निदेशक रमेश गोयल; भाजपा चंडीगढ़ उत्तराखंड प्रकोष्ठ के चेयरमैन भूपिंदर शर्मा उपस्थित रहे। उनके साथ समाजसेविका मधुलिका स्याल उपस्थित थीं। आयोजक मास्टर शिवराज घर्ती (6वीं डैन ब्लैक बेल्ट, कोरिया) और मास्टर कविता राय घर्ती ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों की ऊर्जा, अनुशासन और खेल भावना की सराहना की और बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु एकेडमी द्वारा किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की। इस अवसर पर बोलते हुए सिटिजन अवेयरनेस ग्रुप के चेयरमैन सुरेन्द्र वर्मा ने कहा, ₹जब मुझे इस कार्यक्रम में गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में आमंत्रण मिला, तो मैं बहुत उत्साहित हुआ और तुरंत स्वीकार कर लिया, क्योंकि मेरी बेटी और बहू दोनों ने इसी स्कूल से पढ़ाई की है। बच्चों में अनुशासन और आत्मविश्वास देखकर मुझे गर्व हुआ। मैं सभी विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई देता हूं और आयोजकों मास्टर कविता राय और मास्टर शिवराज घर्ती को इतनी सुव्यवस्थित पुरस्कार वितरण समारोह व खिलाड़ियों की तैयारी के लिए धन्यवाद देता हूं। एकेडमी बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में प्रशंसनीय कार्य कर रही है।

# जिला हिसार ब्राह्मण सभा चुनाव के लिए प्रधान पद के 8 लोगों ने नामांकरण फार्म भरें : चुनाव अधिकारी दयानन्द वत्स

**वेलकम इंडिया**

**हांसी । मनमोहन शर्मा।** जिला हिसार ब्राह्मण सभा के चुनाव अधिकारी दयानंद वत्स ने बताया कि आज नामांकन फॉर्म भरने के अंतिम दिन प्रधान पद, उप प्रधान, महासचिव, सचिन व कार्य कारिणी के सदस्यों ने नामांकन फॉर्म भरा । 8 लोगों ने प्रधान पद के फार्म भरे : हरि कृष्ण शर्मा, डाक्टर राजकुमार भारद्धाज, 3- रत्नलाल शर्मा, 4- पुरुतम दत्त शर्मा, 5- बलवान शर्मा, 6 रविकुमार, 7- डाक्टर सज्जन व 8 - जगदीश शास्त्री । उपप्रधान : जय प्रकाश, मनजीत शर्मा, विजेन्द्र शास्त्री, रत्न लाल, छाजु राम व नौरग लाल । महासचिव के लिए नौरग लाल शर्मा, राजेन्द्र अग्निहोत्री व मीनू शर्मा एडवोकेट । सह सचिव हांसी से मुकेश कुमार एडवोकेट व शिव कुमार शर्मा । कैशियर पद के मनोज शर्मा, कुलभूषण व विजेन्द्र शास्त्री ने फार्म भरें । कार्यकारिणी में 35 लोगों ने फार्म भरें जिनमें 16 लोग चुने जाएंगे । भगवत दयाल शर्मा, मुरलीधर शर्मा, रीटा शर्मा, योगेश गौतम, जय प्रकाश शर्मा, यूयूशू वत्स, वेद प्रकाश गौड़, अशोक कुमार, सज्जन कुमार, सुमित शर्मा, सत्यपाल, केसव बन्धु कोशिक, मनजीत शर्मा, मनोज कुमार शर्मा, रविन्द्र दत्त शर्मा, डाक्टर सज्जन शर्मा, राहुल शर्मा, फकीर चन्द्र शर्मा, जगदीश शास्त्री, जयकुमार शर्मा, सुशील कुमार, सुधीर कुमार, राजेश कुमार, गणेश शर्मा, सुनील दत्त, दीपक गौतम गजन शर्मा, सुंदर शर्मा, जगत शर्मा शमशेर शर्मा, मेहन्द्र शर्मा, राजेश शर्मा, अमन कौशिक आदि मौजूद रहे।

# अवैध पशुपालन पर नगर निगम का कड़ा प्रहार

**वेलकम इंडिया**



**लखनऊ।** नगर निगम ने शहर में अवैध पशुपालन और सार्वजनिक संपत्ति पर अतिक्रमण के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई की। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश और अपर नगर आयुक्त के आदेश पर पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा के नेतृत्व में सोमवार को गोमती नगर विस्तार स्थित थाना क्षेत्र में जी-20 रोड पर जनेश्वर मिश्र पार्क के पास चल रही अवैध डेरियों पर कार्रवाई की गई। अवैध डेरी हटाओ अभियान*: नगर निगम की प्रवर्तन टीम और स्थानीय पुलिस बल ने संयुक्त रूप से भाग लिया और 15 भैंस और 1 गाय को पकड़कर ठाकुरगंज स्थित कांजी हाउस में भेजा गया। जुमार्ना और आय*: इन पशुओं को नियमानुसार जुमार्ना भरने के बाद ही छोड़ा जाएगा। इस कार्रवाई से नगर निगम को लगभग 3,25,000 रुपये की अनुमानित आय होने की संभावना है।

**नियमों की जानकारी:** नगर निगम के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि लखनऊ नगर निगम की अनुमति के बिना शहरी क्षेत्र में डेरी संचालन पूरी तरह अवैध है। निगम द्वारा शहरी क्षेत्र में अधिकतम दो गाय पालने की अनुमति दी जाती है, वह भी लाइसेंस प्राप्त करने के बाद। भैंस को अपदूषणकारी पशु मानते हुए नगर निगम अधिनियम 1959 के तहत इसकी शहरी क्षेत्र में अनुमति नहीं दी जाती। नगर निगम के अधिकारी भविष्य में भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रखने का संकल्प लेकर अवैध अतिक्रमण और पशुपालन पर रोक लगाने हेतु प्रतिबद्ध हैं। इस कड़े कदम से न केवल अवैध डेरी संचालकों को चेतावनी मिली है।

# अहं ब्रह्मास्मि ने किया लघुकथा गोष्ठी का आयोजन

**वेलकम इंडिया**



**नई दिल्ली।** 26 मई।प्रतिष्ठा अहं ब्रह्मास्मि संस्था के तत्वावधान में मालाबार, एम. जी. रोड, गुरुग्राम के सभागार में लघुकथा गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रसिद्ध साहित्यकार चंद्रकांता जी की अध्यक्षता में आयोजित गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध लघु कथाकार मुकेश शर्मा एवं वरिष्ठ साहित्यकार सुनीति रावत ने अति विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई क साहित्यकार शकुंतला मित्तल एवं सविता स्याल भी मंचासिन रही। एवं सुव्यवस्थित सधा हुआ संचालन संस्थापिका अध्यक्षा दीपशिखा श्रीवास्तव ने किया क कार्यक्रम का शुभारम्भ अंजलि श्रीवास्तव की मधुर सरस्वती वंदना एवं अतिथि गण द्वारा दीप प्रज्जवलन से हुआ क संस्था के कोषाध्यक्ष नीरज श्रीवास्तव ने सहित्यकारों का अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। प्रसिद्ध साहित्यकार चंद्रकांता जी सारगर्भित उदबोधन में सहित्यकारों से मुखातिब होते हुए कहा कि ₹कुछ ऐसा लिखिये जो शेष रह जाए₹। मुख्य अतिथि मुकेश शर्मा ने कहा ₹वर्तमान समय में लेखकों को चुनौती सोशल मीडिया से है क यदि आप का कंटेंट उससे बेहतर होगा तभी आप पाठकों तक पहुँच सकेंगे कर वरिष्ठ साहित्यकार कृष्णलता यादव, सुनीति रावत, सविता स्याल, शकुंतला मित्तल ने लघुकथा विधा पर अपने विचार व्यक्त किये और वर्तमान समय में लघुकथा की महत्ता पर अपनी बात रखी क इसमें गुरुग्राम और फरीदाबाद के लगभग 22 लघुकथाकारों ने अपनी लघुकथा का वाचन किया क मुख्य रूप से मंचासीन अतिथियों सहित घमंडी लाल अग्रवाल, कृष्णा जैमिनी, सरोज गुप्ता, प्रीति मिश्रा, बबिता गर्ग, शन्नो श्रीवास्तव, कृष्णलता यादव, परिणीता सिन्हा आदि।

# थाने में हुई पिटाई से आहत सलमान ने की थी खुदकुशी, इस मामले पर अब एनएचआरसी ने अपनाया सख्त रवैया

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** क्योलड़िया थाना क्षेत्र में पुलिस प्रताड़ना से परेशान होकर फांसी लगाकर जान देने वाले 18 वर्षीय युवक सलमान की मौत के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने सख्त रुख अपनाया है। समाजसेवी महेश पांडेय की शिकायत पर आयोग ने पुलिस और जिला प्रशासन से जवाब तलब किया है। आयोग ने इसे प्रथम दृष्टया गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन माना है। आपको बता दें कि सलमान पर आरोप था कि उसने एक लड़की को भगाने में अपने दोस्त की मदद की थी। उसका जुर्म केवल इतना ही था कि उसने अपने मोबाइल से एक लड़की से अपने दोस्त की बात कराई थी। इसके बाद पुलिस ने उसे बार-बार थाने बुलाया और बेरहमी से पीटा। परिजनों के मुताबिक, पुलिस उसे थर्ड डिग्री देती रही। उसे जेल भेजने की धमकी दी गई। दबाव इतना बढ़ा कि एक मई की शाम सलमान ने फांसी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। सलमान के पिता अशफाक ने बताया, है कि मैंने अपने बेटे को बचाने के लिए पहले 6,500 और फिर 50,000 रुपए की रिश्वत भी दी। इसके लिए उधार लेना पड़ा। मगर पुलिस वालों ने मेरे बेटे को फिर भी नहीं छोड़ा। मारते रहे, धमकाते रहे...। यहां तक कह दिया कि इसकी हड्डियां तोड़ देंगे। परिजन बताते हैं कि सलमान पुलिस की पिटाई के बाद तीन दिन तक चुपचाप बैठा रहा। वह गहरे सदमे में था। किसी से बात नहीं करता था। फिर एक मई की शाम को उसने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। सलमान घर का इकलौता सहारा था। सिलाई का काम करता था और 6 बहनों, 2 भाइयों और बूढ़े मां-बाप की जिम्मेदारी उसी के कंधों पर थी। सलमान को दफनाने के लिए भी पिता को उधार लेना पड़ा था। इस प्रकरण को लेकर समाजसेवी महेश पांडेय ने कहा कि सलमान बेकसूर था। सिर्फ एक प्रेम प्रसंग में दोस्त की मदद करने के शक में उसे थाने बुलाकर थर्ड डिग्री देना और जेल भेजने की धमकी देना अमानवीय है। मैंने इस मामले को एनएचआरसी में उठाया और आयोग ने इसे गंभीर माना है।

# महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा ने समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**नूरपुर :** महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा बिजनौर के द्वारा राधा कृष्ण विवाह मंडप में परिचय एवं मेधावी छात्र छात्राओं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि आयकर आयुक्त दिल्ली धर्मवीर सिंह, विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश आयकर अधिकारी प्रिया रघुवंशी, ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नरेश वत्स ने संयुक्त रूप से महाराणा प्रताप के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि धर्मवीर सिंह ने अपने संबोधन में समाज को एकजुट होकर समाज उत्थान में आगे आने और नयी पीढ़ी को क्षत्रिय इतिहास के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया और कहा कि समाज को जब भी कहीं भी मेरी जरूरत होती है मैं हर समय तैयार हूं। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नरेश भट्ट ने कहा कि नूरपुर क्षेत्र क्षत्रिय बाहुल्य क्षेत्र है उन्होंने क्षेत्र में महाराणा प्रताप गेट और प्रमुख चौराहो पर महाराणा प्रताप प्रतिमा स्थापित करने का प्रस्ताव अपने संबोधन में रखा। विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान ने बच्चों को अच्छे संस्कार देने व समाज को संगठित करने पर जोर दिया। समारोह के दौरान मंचासीन अतिथियों द्वारा कक्षा 10 वी, कक्षा 12वीं की परीक्षा में समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जयवीर सिंह एवं संचालन अनिल कुमार ने किया। कार्यक्रम में जिला सहकारी बैंक बिजनौर के उपसभापति हेमराज सिंह, हिंदू जागरण मंच के पूर्व प्रांतीय महामंत्री जितेंद्र बैस, इंजीनियर हेमंत कुमार, महामंत्री डॉ महेंद्र सिंह, अजय राणा, मीनू सिसौदिया, टीकम सिंह, गंभीर सिंह, पूनम सिसौदिया, निर्देश राजपूत, सुनीता चौहान, हेमंत रानी, अनीता चौहान, भावेश राजपूत, मास्टर भुवनेश चौहान, जय कुमार सिसोदिया, राजेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन के धक्के से घायल युवक की मौत, हुई पहचान

**मिजार्मुराद(वाराणसी)।** क्षेत्र के चित्रसेनपुर गांव (मिजार्मुराद) स्थित नेशनल हाईवे पर रविवार की रात अज्ञात वाहन के धक्के से एक युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस ने सरकरी एम्बुलेंस से इलाज हेतु बीएचयू ट्रामा सेंटर भेजा जहां युवक को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।युवक को रात में पहचान नही हो पाई थी। रात में घर नही पहुंचा तो पत्नी मीरा वनवासी खोजबिन करते चौकी पहुंची तो पुलिस ने फोटो दिखाया तो मीरा ने मृत युवक की शिनाक्त अपने पति श्याम जी वनवासी उम्र 40 वर्ष के रूप में की।बताते चलें कि चित्रसेनपुर गांव निवासी श्याम जी वनवासी की पत्नी मीरा के नाम से मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवास मिला है।जिसका निर्माण ज्ञानपुर नहर के समीप चल रहा है।रविवार की रात लगभग वही से 10 बजे श्याम जी खाना खाने के लिए अपने घर जा रहा था उसी समय नेशनल हाईवे पार करते समय वाराणसी की ओर जा रही अज्ञात वाहन ने धक्का मार दिया।

# सत्संग व भंडारे में हजारों श्रद्धालुओ का उमडा जनसैलाब

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**नूरपुर :** पूर्व परिवहन मंत्री एवं एमएलसी अशोक कटारिया के पैतृक गांव हीमपुर पृथ्या में कृष्ण स्वरूप महाराज का सत्संग व भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारा का प्रसाद ग्रहणकर धर्म लाभ उठाया। सत्संग कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल, मंत्री गुलाबो देवी, मंत्री कपिल देव अग्रवाल, मंत्री जतिन प्रसाद, क्षेत्रीय मंत्री सतेंद्र सिसोदिया, बिजनौर प्रभारी हरिओम शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी, सांसद चंदन चौहान, विधायक अशोक राणा, विधायक रितेश गुप्ता, नूरपुर ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान, धनौरा के पूर्व चेयरमैन राजेश सैनी, भाजपा नगर



अध्यक्ष निशांत कर्णवाल, चौधरी (लज्जावती पेट्रोल पंप वाले) सहित सांसद विधायक एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## माध्यमिक शिक्षकों के ट्रांसफर प्रक्रिया को सरल बनाये सरकार:चेत नारायण सिंह



वेलकम इंडिया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मण्डल प्रदेश अध्यक्ष चेत नारायण सिंह के नेतृत्व में शिक्षा निदेशक माध्यमिक डा. महेंद्र देव से लखनऊ स्थित शिविर कार्यालय में मिला।प्रदेश अध्यक्ष चेत नारायण सिंह ने कहा कि माध्यमिक शिक्षा में ट्रांसफर प्रक्रिया को सरल बनाया जाय। वित्त विहीन शिक्षकों को मानदेय बैंक खाते में देने की प्रक्रिया को पूरे प्रदेश में लागू कराया जाय। मुख्यमंत्री व अपर मुख्य सचिव से वार्ता की सहमति के बिंदुओं पर राजाज्ञा नहीं जारी किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि बजट के बावजूद एनपीएस को राज्याश सहित अपडेट नही किया जा रहा है।एनपीएस से ओपीएस में आये शिक्षकों की धनराशि जी पी एफ खाते में ट्रांसफर नही की जा रही है।विषय विशेषज्ञ शिक्षकों को पुरानी पेंशन योजना में सम्मिलित किया जाए। मानव सम्पदा पोर्टल पर तदर्थ शिक्षकों के पदों को आरक्षित किया जाय। चयन वेतनमान, प्रोन्नत वेतनमान मानव संपदा पोर्टल के माध्यम से जारी किया जाए। नोशनल पेंशन इंक्रीमेंट में अधिकारियों के द्वारा की जा रही लापरवाही का मुद्दा भी उठाया गया।वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष चेत नारायण सिंह, महामंत्री अनिरुद्ध त्रिपाठी , महेश शर्मा, डॉ राकेश सिंह, स्वराज्य पाल दुहुन, संजय द्विवेदी सम्मिलित रहे।शिक्षा निदेशक माध्यमिक डा. महेंद्र देव ने कहा की वित्तविहीन शिक्षकों को बैंक से मानदेय देना सुनिश्चित कराएंगे। इसके लिए सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद को आवश्यक निदेशक दिए जा रहे हैं। नोसनल पेंशन इंक्रिमेंट के लिए सभी उप शिक्षा निदेशक को कड़े निर्देश जारी किये जा रहे है। संगठन द्वारा उठाई गई अन्य समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जायेगा।

# कम्प्यूटर शिक्षा के तकनीकी ज्ञान

वेलकम इंडिया



सेमरियावा( संत कबीर नगर ) उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर ए. एच. एग्री. इंटर कालेज दुधारा में आयोजित समर कैंप के छठवे दिन कम्प्यूटर व एआई विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार की अध्यक्षता प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी व संचालन शिक्षक जुबेर अहमद ने किया। अतिथि वक्ता मुहम्मद परवेज अख्तर ने कहा कि 21वीं सदी डिजिटल युग के रूप में जानी जाती है, जहां तकनीक हमारे जीवन का अहम हिस्सा बन गई है।आज के दौर में कंप्यूटर केवल एक मशीन नहीं, बल्कि शिक्षा, व्यवसाय, चिकित्सा और संचार सहित हर क्षेत्र में क्रांति लाने वाला साधन बन चुका है। उन्होंने कहा कि कंप्यूटर शिक्षा ने न केवल सीखने के तरीके को बदला है, बल्कि रोजगार और विकास के नए अवसर भी प्रदान किए हैं।चाहे स्कूल हो, कॉलेज हो या कार्यस्थल, कंप्यूटर का ज्ञान अब एक अनिवार्य योग्यता बन चुका है। कंप्यूटर शिक्षा का महत्व और आधुनिक युग में इसकी आवश्यकता के बारे में बताया गया है।शिक्षक कमरे आलम सिद्दीकी ने इस दौरान विद्यार्थियों को कंप्यूटर चलाने और उनकी बारीकियों पर विस्तार से जानकारी दी। समर कैंप के प्रारंभ में शिक्षक मुहम्मद इश्तियाक अंसारी व शिक्षक जुबेर अहमद ने बच्चों को योगाभ्यास कराया। बच्चों को मयूर आसान, बज्र आसान, वृक्ष आसान, सूर्य नमस्कार व प्राणायाम के तरीकों की जानकारी दी और उनसे अभ्यास भी कराया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी, मुहम्मद इस्तियाक, फसीहुद्दीन, कमरे आलम सिद्दीकी, अब्दुल सलाम, मुहम्मद शाहिद, जुबैर अहमद, मुहम्मद परवेज अख्तर, मुहम्मद युनुस, औबेदुल्लाह, ओजैर अहमद, सबीह अहमद, असादुल्लाह, जुनैद अहमद, रफी अहमद सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## किसान के अपहरणकर्ता बदमाश के साथ पुलिस की मुठभेड़,पैर में लगी गोली

वेलकम इंडिया



**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव डांगरोल में खेत पर पानी चलाने गए किसान को अगवा करने के मामले मे पुलिस ने देर रात मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश को गोली लगने के बाद गिरफ्तार कर लिया है।गांव डांगरोल निवासी पवन सिंह ने पुलिस को तहरीर देते बताया कि उसका बीते बुधवार की शाम पीड़ित का पुत्र रवि डांगरोल स्थित खेत मे ईख खोदने के लिये जा रहा था।रास्ते मे कार में बैठे चार लोगो ने उसका जान से मारने की नीयत से अपहरण कर लिया।पुलिस ने घटना के संबंध में दो नामजद आरोपी व दो अज्ञात लोगों के विरुद्ध मामला पंजीकृत कार्यवाही शुरू कर दी है। मामले में एसपी शामली ने पुलिस टीम गठित कर घटना का खुलासा करने के आदेश दिए थे।पुलिस ने डांगरोल से युवक रवि का अपहरण करने में मामले में मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए ग्राम खन्द्रावली की बड़ी नहर के पास घटना में संलिप्त अपहरण कताओं के साथ मुठभेड़ की। पुलिस के मुताबिक पुलिस को देखते ही बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी।पुलिस मुठभेड में बदमाश को पैर में गोली लग गई। जबकि दूसरा बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर मोके से फरार हो गया। पुलिस द्वारा पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम गुलाब सिह पुत्र कृष्णपाल निवासी ग्राम सौरम गोयला थाना शाहपुर जनपद मुजफ्फरनगर ने बताया है।

## शालोम चेरिटेबल ट्रस्ट ने टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 72 क्षय रोगियों को उपलब्ध कराई पोषण पोटली सीएमओ

वेलकम इंडिया




हापुड़ जनपद के जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय के कुशल निर्देशन में कार्य कर रहे मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील कुमार त्यागी की अध्यक्षता में एवं जिला क्षय रोग अधिकारी डॉक्टर राजेश सिंह के द्वारा टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शालोम चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा जनपद हापुड़ के गढ़ रोड स्थित स्वास्थ्य केंद्र सभागार में 72 क्षय रोगियों को पोषण पोटली वितरित की गई।संस्था के अध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया की संस्था द्वारा अभी तक 250 से ज्यादा रोगियों को गोद लेकर पोषाहार वितरण किया जा चुका है जिसके अंतर्गत जनपद हापुड़ के गढ़ रोड स्थित स्वास्थ्य केंद्र सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन कर पोषाहार वितरित किया गया ।पोषाहार में सोयाबीन, राजमा, चने,मूंगफली की गिरी, मल्टीग्रेन दलिया वितरित किया गया ।जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ राजेश सिंह जी ने बताया की जनपद में और भी बहुत सी संस्थाएं टीबी रोगियों को गोद लेकर पोषण पोटली वितरित कर रही है ।पोषण पोटली वितरण समारोह में आए मरीज और मरीजों के तीमारदारों को जिला कोऑर्डिनेटर सुशील चौधरी द्वारा टीवी के लक्षण निदान व रोग से बचाव के विषय में विस्तार से बताया गया इस अवसर पर शिवदत्त प्रसाद, मोनू कुमार,नितिन गर्ग, सोनू सोढ़ी, कपिल कुमार, नीरज कुमार, संजय कुमार, क्षमा सिंह, भारती सिंह, रेशमा यादव, प्रियंका, बिंदु, वंदना, आशा सोमानी, प्रीती, अनिता,साथी उपस्थित रहे।

# एंबुलेंस कर्मचारियों ने मनाया धूमधाम क साथ पायलट डे

वेलकम इंडिया



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** नगर के सरकारी अस्पताल प्रांगण में एंबुलेंस कर्मचारियों के द्वारा पायलट डे धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान उच्च अधिकारीयों ने पहुंचकर आमजन को समुचित इलाज प्रदान करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।इस दौरान एम्बुलेंस के चालक व परिचालक मौजूद रहे। सोमवार को नगर के सरकारी अस्पताल में पहुंचे 108, 102 एम्बुलेंस सेवा के प्रोग्राम मैनेजर जयविंदर सिंह व जिला प्रभारी ललित मोहन जोशी ने कर्मचारियों के साथ पायलट डे मनाया। इस दौरान सभी कर्मचारियों ने एक दूसरे का मुंह मीठा करते हुए मिठाई वितरित की। इस दौरान प्रोग्राम मैनेजर ने कहा कि सभी एम्बुलेंस कर्मचारी कर्तव्य निष्ठा के साथ मरीजों एवं गर्भवती ,महिलाओं को अपनी बेहतर सुविधा प्रदान करें।किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।जिला प्रभारी ललित मोहन जोशी ने कहा कि सभी कर्मचारी अपनी गाड़ियों को हॉटस्पॉट इलाकों में खड़ी करें। घटनाओं की संभावना को देखते हुए मरीज तक पहुंचने में कम से कम समय लगे एम्बुलेंस कर्मचारी किसी तरह की गड़बड़ी करते हुए मिले तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।इस दौरान मोहित, संदीप, कमल,नितिन, दिलशाद, दीपा, पुष्पेंद्र, कमलेश,सोनू, अंकित, सतीश, रवि, अनुज, गुरमीत, अंकित,सहित आदि मौजूद रहे।

## युवती के साथ छेड़छाड़ करने पर तीन मनचलों के विरुद्ध अभियोग दर्ज



वेलकम इंडिया

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** पॉर्लर जा रही युवती को रास्ते में रोकर तीन मनचलों के द्वारा छेड़छाड़ कर इस्टाग्राम आईडी व मोबाइल नम्बर मांगकर परेशान किया गया। घटना के संबंध में पीड़िता युवती के चाचा ने पुलिस को तहरीर देकर तीन युवकों के विरुद्ध मामला दर्ज करा दिया है।पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। नगर निवासी एक युवती नगर के मौहल्ला सरावज्ञान में एक पॉर्लर पर कार्य करने के लिए जाती है। बीते रविवार को पॉर्लर पर जाते समय तीन युवकों ने युवती को रास्ते में रोक कर तीन मनचलों के द्वारा उनकी इंस्टाग्राम आईडी व मोबाइल नंबर की मांग की। युवती के मना करने पर तीनों मनचलों ने युवती को परेशान करना शुरू कर दिया तथा नंबर ना देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी देनी लगी। जिसके बाद युवती ने मामले की शिकायत जैन स्थानक के समीप बैठे पुलिसकर्मियों से की तो तीनों मनचले पास की एक दुकान के अंदर चले गए। जहां पर पुलिस ने तीनों को दबोच लिया, किन्तु उसी दौरान दो मनचले पुलिस की गिरफ्त से छुडकर मौके से फरार हो गए। जबकि एक मनचले को पुलिस ने मौके से दबोच लिया। घटना के संबंध में युवती के चाचा ने पुलिस को तहरीर देते बताया कि भतीजी नगर के एक पार्लर पर काम सीखने के लिए जाती है, जिसे पिछले कई दिनों से मौहल्ले के ही तीन युवक शाहदीन उर्फ सोनू पुत्र हुसैन, उस्मान पुत्र हनीफ, शाकिर पुत्र रशीद निवासी मौहल्ला खैल रास्ते में आते जाते समय छेडछाड करते परेशान करते थे। जिसकी शिकायत पीड़ित ने उनके परिजनों से की थी तो कुछ दिनों तक उक्त लडके शांत रहे।

# छतारी धूमधाम से निकाली तिरंगा रैली, उमड़ी भीड़

वेलकम इंडिया




**छतारी :** देश के सेनाओं के सम्मान में सोमवार को छतारी में धूमधाम के साथ भव्य तिरंगा रैली निकाली गई। तिरंगा रैली में उमड़े जन सैलाब ने हिंदुस्तान जिंदाबाद - पाकिस्तान मुदार्बाद, मोदी जी जिंदाबाद और भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगाए। कस्बा के लोगों ने कई स्थानों पर तिरंगा यात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

छतारी के प्राचीन शिव मंदिर प्रांगण से सोमवार की शाम भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। आयोजित तिरंगा रैली का शुभारंभ पहासू भाजपा मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह, पूर्व चेयरमैन मंगलसेन गुप्ता, भाजपा नेता मनोज गर्ग, अनिल सूर्यवंशी सदस्य जिला पंचायत, भाजपा युवा नेता सचिन शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सचिन शर्मा ने कहा आतंकवाद के खिलाफ पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने पर भारतीय सेना के सम्मान में तिरंगा रैली निकाली गई। तिरंगा यात्रा के दौरान सभी लोग डीजे के भक्ति संगीत पर झूमते नजर आए हैं। मुख्य मार्ग पर स्थानीय व्यापारी सहित लोगों ने तिरंगा रैली पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया है।तिरंगा रैली में युवाओं ने हिंदुस्तान जिंदाबाद, पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे भी लगाए। आयोजित रैली में आस पास के दर्जनों गांव के सैकड़ों युवाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया है। इस मौके पर भाजपा युवा मंडल अध्यक्ष अवनीश शर्मा, अरविंद राठौर, मंगलसेन गुप्ता पूर्व चेयरमैन, दुर्गेश अग्रवाल, मनीष यादव, दिवस अग्रवाल, नीरज महेश्वरी, कौशल पंडित, हरपाल सिंह, श्यौराज सिंह, निशांत शर्मा, अन्नू पंडित, उमा शंकर, अंकित सिंह, लवलेश शर्मा, दीपक यादव, राजीव वार्ष्णेय, निखिल उर्फ छोटे आदि मौजूद रहे।

# पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर जी की जयंती पर भव्य पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक भोजपुर में पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर जी की 300वीं जयंती के पावन अवसर पर विधानसभा स्तरीय पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया।यह कार्यक्रम अहिल्याबाई होलकर जी के अद्वितीय योगदान, प्रशासनिक दक्षता, धार्मिक सहिष्णुता तथा समाजसेवा के लिए उनके प्रेरणादायी जीवन को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उद्देश्य से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अवनीश त्यागी (प्रदेश प्रवक्ता) रहे, चौधरी चैनपाल सिंह (जिलाध्यक्ष, जिला गाजियाबाद) की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम आयोजक विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने अपने वक्तव्य में कहा, अहिल्याबाई होलकर जी का जीवन हम सभी के लिए एक प्रेरणा है। उनके कार्य आज भी शासन, समाजसेवा और महिला सशक्तिकरण के आदर्श उदाहरण हैं। हमें उनके सिद्धांतों पर चलकर जनसेवा के संकल्प को और अधिक मजबूत करना चाहिए।इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह,नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली, अशोक माहेश्वरी,दिनेश सिंघल,अमित चौधरी (कार्यक्रम सयोजक), नितिन मित्तल, देवेंद्र चौधरी,सतेन्द्र त्यागी,राजेन्द्र वाल्मीकि,नवीन जायसवाल, कुमुदी चौधरी,जीतेन्द्र चित्तोडा,आकाश शर्मा,दीपक गुर्जर,सचिन त्यागी, रोहित तोमर, बड़ी संख्या में पंचायत प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।सभी ने एक स्वर में अहिल्याबाई होलकर जी के जीवन से प्रेरणा लेने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का संकल्प लिया।

# आरकेजीआईटी में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर वर्कशॉप का आयोजन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद,( अनिल वशिष्ठ )।** आरकेजीआईटी में आई क्यू ए सी द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया ।जिसके मुख्य वक्ता नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन प्लानिंग & एडमिनिस्ट्रेशन, नई दिल्ली के डायरेक्टर प्रो. प्रदीप कुमार मिश्रा रहे ।इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों, छात्रों और शिक्षा से जुड़े अन्य सहभागियों को नीतिगत परिवर्तनों एवं आधुनिक शैक्षिक दृष्टिकोण से अवगत कराना था । प्रो. मिश्रा ने कार्यशाला में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला एवं इसकी छात्रों, शिक्षकों एवं समाज की उपयोगिता के बारे में विस्तार से अवगत कराया ।इसके साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति में प्रयोग किए जाने वाले पठन-पाठन एवं मूल्यांकन के विभिन्न तरीकों के बारे में शिक्षकों को अवगत कराया। संस्थान के वाइस चेयरमैन श्री अक्षत गोयल ने बताया कि संस्थान राष्ट्रीय शिक्षा नीति को अपने परिसर में प्रभावी रूप से लागू करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि संस्थान इस दिशा में निरंतर कार्यरत है और शिक्षकों को नई शिक्षण तकनीकों ० डिजिटलीकरण को अपनाने के लिए प्रेरित कर रहा है। संस्थान के डायरेक्टर डॉ. बी. सी. शर्मा ने बताया कि संस्थान नीतिगत दिशा-निदेर्शों के अनुरूप शिक्षण-पद्धतियों, पाठ्यक्रम संरचना, मूल्यांकन प्रणाली और शिक्षक प्रशिक्षण में आवश्यक बदलाव कर रहा है, जिससे छात्रों को समग्र और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा सके। डीन (एक्रिडिटेशन) डॉ. रामेंद्र सिंह ने जानकारी दी कि संस्थान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत जल्द ही एक फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में संस्थान के एडवाइजर डॉ लक्ष्मण प्रसाद, डीन स्टूडेंट वेलफेयर श्री एच. जी. गर्ग, प्रिंसिपल फामेर्सी डॉ मोनिका सचदेवा, बक्शीश सिंह, विभिन्न विभागों के प्रमुख, सभी फैकल्टी, स्टाफ और छात्र उपस्थित रहे।

# अधिवक्ता अरूण राघव को मिला अन्तरराष्ट्रीय पहचान का गौरव

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** प्रतिष्ठित अधिवक्ता अरूण कुमार राघव को अंतरराष्ट्रीय स्तर की ख्याति प्राप्त संस्था इंटरनेशनल कौंसिल आँफ जुरिस्टस (लंदन) द्वारा विशिष्ट सदस्य के रूप मे वर्ष 2025 से 2030 तक के लिए औपचारिक रूप से नामित किया गया है।यह सम्मान विधिक क्षेत्र मे उनके दीर्घकालिक योगदान, समाज सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्वता और न्यायिक दृष्टिकोण मे उनकी गहन समझ को ध्यान मे रखते हुए प्रदान किया गया है।इस महत्वपूर्ण पदनाम की घोषणा संस्था के तथा आल इंडिया बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ0 आदिश सी0 अग्रवाला और संस्था के निदेशक सारा जे0 मार्चिंगटन द्वारा संयुक्त रूप से की गयी।

इंटरनेशनल कौंसिल आँफ जुरिस्टस (लंदन) एक अंतरराष्ट्रीय स्तर की विधिक संस्था है, जो दुनियाभर के न्यायविदो, विधिक विशेषज्ञो एवं न्यायाधीशो को एक मंच पर लाकर वैश्विक कानून व्यवस्था मे सहयोग को बढावा देती है। सर्वविदित है कि मोदीनगर निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता अरूण राघव लंबे समय से जनहित और सामाजिक न्याय से जुडे कई मुकद्दमो मे सक्रिय रूप से भूमिका निभाते आ रहे है। अंतरराष्ट्रीय मंच पर उनकी यह नियुक्ति मोदीनगर के लिए गर्व का विषय है। उनकी इस उपलब्धि पर स्थानीय जनप्रतिनिधियो, अधिवक्ताओ, शिक्षाविदो और समाजसेवियो ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी है।

# टीआरएम पब्लिक स्कूल में मेधावी छात्र- छात्राओं को किया गया सम्मानित

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** तुलसीराम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा अच्छे अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र- छात्राओं आपको सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि गौरव माहेश्वरी, राधिका माहेश्वरी , प्रधानाचार्या श्रीमती रजनी ओहरी ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर सरस्वती मां को फूल माला अर्पित की।इस मौके पर छात्राओं के स्वागत गीत गया।विद्यालय के नन्हे बच्चों ने मुख्य अतिथि को तिलक लगाकर व पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। विद्यालय के प्रबंधक विनोद कुमार माहेश्वरी की प्रेरणा से केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में कक्षा दसवीं व 12वीं में 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों कक्षा 12वीं के विज्ञान वर्ग में - रिदम अग्रवाल 93.2%, रुद्र प्रताप सिंह 92% ,नील गुप्ता 90.2%. अंक प्राप्त करने वाणिज्य वर्ग में -पार्थ गुप्ता 95.2% ,शुभांगी अग्रवाल 94.8%,काव्य गोयल 94.2%, ध्रुव अग्रवाल 92.8% शगुन यादव 89.8% ,भानू 89.6% अंक प्राप्त करने वाले तथा कक्षा दसवीं में -अंशिका गुप्ता 97.8% ,दिया 92.4%, मानसी शर्मा 92.2%,आयुष कुमार 89.8% ,सौम्या सिंह 89.6% अंक करने वाले, विज्ञान विषय में कक्षा दसवीं की अंशिका गुप्ता ने 100 में से 100 अंक प्राप्त करने वाले, अंग्रेजी विषय में कक्षा 12वीं के काव्य गोयल ने 100 में से 100 अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को को मुख्य अतिथि व निर्देशक गौरव माहेश्वरी व शैक्षिक निर्देशिका श्रीमती राधिका माहेश्वरी ने 'शैक्षणिक उत्कृष्टता पुरस्कार' व 'पदक'देकर सम्मानित किया। विद्यालय की प्रबंधक विनोद कुमार माहेश्वरी ने विद्यार्थियों व अभिभावकों को शिक्षा के क्षेत्र में शानदार व सराहनीय प्रदर्शन करके विद्यालय को गौरवान्वित करने पर बधाई दी। गौरव माहेश्वरी व राधिका माहेश्वरी ने सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह भविष्य की प्रगतिशील यात्रा की शुरूआत है। आप इसी तरह उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करते रहें। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रजनी ओहरी ने सभी मेधावी छात्र-छात्राओं की इस अद्भुत उपलब्धि पर विद्यार्थियों व अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि मैं आपके बच्चों के शानदार प्रदर्शन और स्कूल की प्रगति में आपके योगदान के लिए आप सभी को धन्यवाद देती हूं। आपकी सकारात्मक सोच और सहयोग से हमारे स्कूल की प्रति छवि और अधिक उज्ज्वल हो रही है। विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों व अध्यापक- अध्यापिकाओं को प्रधानाचार्या ने बधाई देते हुए कहा कि ?यह वास्तव में एक शानदार उपलब्धि है, यह दशार्ता है कि आपने कितनी मेहनत और लगन से पढ़ाई की है।

# छपिया छितौना निवासी शहबाज अहमद को किया गया सम्मानित



वेलकम इंडिया

**बस्ती/ संत कबीर नगर।** चित्रगुप्त मंदिर सभागार में टीचर वेलफेयर ट्रस्ट बस्ती द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान मोमेंटो और प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। चित्रगुप्त मंदिर सभागार में टीचर वेलफेयर ट्रस्ट बस्ती द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान छपिया छितौना निवासी शहबाज अहमद को आई आर एस रानी आशिमा सिंह(पूर्व मंडल रेल प्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे) के द्वारा मेमटो व प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्थापक सौरभ कुमार सिन्हा, अभिरूप श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष डॉ. संजय कुमार दूबे,वरिष्ठ उपाध्यक्ष मगफूर अहमद, संयोजक सालिम हासमी, सचिव राम सरन सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# जाट समाज के सतीश नेहरा अध्यक्ष व लक्ष्मण राठी महासचिव नियुक्त



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** जाट समाज मोदीनगर की एक बैठक में वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल बढाते हुए सतीश नेहरा को अध्यक्ष व लक्ष?मण राठी को महासचिव नियुक्त किया गया ।बैठक का आयोजन जाट समाज कार्यालय के एन. मोदी काम्पलेक्स में हुआ। अध्यक्ष सतीश नेहरा ने सभी उपस्थित समाज के वरिष्ठ व्यक्तियों को आश्वस्त किया कि वे समाज के हित के लिए विस्तृत सकारात्मक सोच के साथ निस्तर कार्य करते रहेंगे। उन्होंने अपने विगत तीन वर्षो के कार्यकाल में किए गए विभिन्न सामाजिक कार्यों से सभी उपस्थित व्यक्तियों को अवगत कराया। इस अवसर पर संस्था के सरंक्षण पूर्व प्रधानाचार्य चौ० सुखवीर सिंह बीडीओ चौ० नेपाल सिंह, चो० जगबीर पाल सिंह सोहनवीर मास्टर सत्यवीर सिंह, सुरेन्द्र सिंह, जितेन्द्र सिंह, नेता चौ० धर्मेन्द्र नेहरा, बाबा परमेन्द्र आर्य, बाबा रामनारायण संजीत नेहरा सतीश देवाल्या, शोविन्द चौ अरविन्द नेहरा अरविन्द नेहरा, सुनील नेहरा, अनिल नेहरा शोकेन्द्र मास्टर, सरलपाल राठी चौ० ओमपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# कंप्यूटर आज के इस दौर की सबसे बड़ी आवश्यकता -डॉ. सबीहा मुमताज

वेलकम इंडिया




**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर ए. राजकीय कन्या इंटर कॉलेज खलीलाबाद में आयोजित समर कैंप के छठवे दिन कम्प्यूटर व एआई विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार की अध्यक्षता प्रधानाचार्या डा. सबीहा मुमताज ने किया। प्रधानाचार्या डा. सबीहा मुमताज ने कहा कि 21वीं सदी डिजिटल युग के रूप में जानी जाती है, जहां तकनीक हमारे जीवन का अहम हिस्सा बन गई है। आज के दौर में कंप्यूटर केवल एक मशीन नहीं, बल्कि शिक्षा, व्यवसाय, चिकित्सा और संचार सहित हर क्षेत्र में क्रांति लाने वाला साधन बन चुका है। उन्होंने कहा कि कंप्यूटर शिक्षा ने न केवल सीखने के तरीके को बदला है, बल्कि रोजगार और विकास के नए अवसर भी प्रदान किए हैं। चाहे स्कूल हो, कॉलेज हो या कार्यस्थल, कंप्यूटर का ज्ञान अब एक अनिवार्य योग्यता बन चुका है। कंप्यूटर शिक्षा का महत्व और आधुनिक युग में इसकी आवश्यकता के बारे में बताया गया है। समर कैंप के प्रारंभ में बच्चों को योगाभ्यास कराया। बच्चों को मयूर आसान, बज्र आसान, वृक्ष आसान, सूर्य नमस्कार व प्राणायाम के तरीकों की जानकारी दी और उनसे अभ्यास भी कराया गया। इस दौरान सत्र 2023-24 और 2024-25 के प्रवीण योजना के अंतर्गत कोर्स पूरा करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया।

# अखिल भारतीय ब्राह्मण महा सभा रा संगठन के पदाधिकारियों ने पीड़ित तरूण शर्मा को न्याय दिलाने को लेकर जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय को सोंपा ज्ञापन



वेलकम इंडिया

आज हापुड़ जिलाधिकारी कार्यालय ब्राह्मण समाज के संगठन अखिल भारतीय ब्राह्मण महा सभा रा ने प्रदर्शन किया।अखिल भारतीय ब्राह्मण महा सभा रा के पदाधिकारी गण, कार्यकर्ता हापुड़ जिलाधिकारी कार्यालय पर एक पीड़ित परिवार के साथ न्याय दिलाने के लिए पहुंचे। अखिल भारतीय ब्राह्मण महा सभा रा के पंडित बिजेंद्र शर्मा अध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश को सूचना मिली कि ग्राम श्यामपुर, निकट ददायरा, थाना हापुड़ देहात के अंतर्गत तरूण शर्मा नाम के एक युवक को भगवान परशुराम जी के संबंध मे सोशल मीडिया पर फेक फेसबुक एकाउंट द्वारा की जा रही अभद्र टिप्पणियों का विरोध करने पर गढ़ रेलवे फाटक पर लगभग 40 से 50 अपराधी किस्म के लोगों ने ड्यूटी पर जाते वक्त तमंचा लगाकर अपहरण किया जबरदस्ती उसको एल एन पब्लिक स्कूल के पास ले गए, उसके साथ लोहे की रॉड, डंडे, धारदार हथियार से, अवैध तमंचे की बट से नृशंस मारपीट की गई, पीटने के बाद उसे मरणाशन अवस्था में छोड़कर चले गए।इस घटनाक्रम के दौरान पीड़ित युवक से मोबाईल,5500 रुपए लूटे गए। जैसे ही परिवार को पता चला कोहराम मच गया, आनन फानन में रिपोर्ट दर्ज कराकर अस्पताल में आई सी यू में दाखिल कराया जहां लगभग एक सप्ताह रहा, उसके बाद भी उसकी वर्तमान स्थिति चलने फिरने की नही है। और अपराधी जेल मे होने की बजाय खुले में घूम रहे हैं क्योंकि पुलिस ने मुकदमे मे उचित धाराएं लगाने के बजाय मामूली धारा लगाई, जिससे अपराधी बिना जेल जाए ही जमानत पा गए।इस सूचना को पाने के बाद अखिल भारतीय ब्राह्मण महा सभा रा संगठन ने अपने स्तर पर जानकारी जुटाई तो सच्चाई उससे भी भयंकर थी।जिस पर संगठन आज पीड़ित तरूण शर्मा को न्याय दिलाने और सुनियोजित संगठित रुप से अपराध करने कराने वाले अपराधियों पर कठोर कार्यवाही की मांग को लेकर पीड़ित पक्ष के साथ जिलाधिकारी कार्यालय हापुड़ पहुंचा। अखिल भारतीय ब्राह्मण महा सभा रा के पंडित बिजेंद्र शर्मा अध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पंडित दिनेश शर्मा उपाध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश ने जिलाधिकार अभिषेक पांडेय को पूरे घटना की जानकारी दी और संगठन की मांगों को उनके सामने रखा, इस संबंध मे संगठन का हस्तारक्षित ज्ञापन सौंपा। अखिल भारतीय ब्राह्मण महा सभा रा संगठन के पदाधिकारियों से वार्ता होने के बाद जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय न एसपी को उचित कार्यवाही हेतु धाराएं बढ़ाने को निर्देशित किया।

# डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल आर पी दहिया ने आर्मी इतिहास पर दिया व्याख्यान

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** 35 यूपी बटालियन एनसीसी के तत्वाधान में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय ऑर्डिनेंस फैक्ट्री मुरादनगर में चल रहे सी ए टी सी, 123 कैंप के सातवें दिन का आरंभ योग से किया गया। सभी एनसीसी कैडेट को योग के फायदे व योग से हम किस प्रकार अपने शरीर व मस्तिष्क में परिवर्तन लाकर स्वस्थ रह सकते हैं। इसके बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। तत्पश्चात डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल आर पी दहिया ने आर्मी इतिहास पर अपना व्याख्यान दिया। इसके बाद लेफ्टिनेंट राजीव जांगिड़ ने सिविल डिफेंस के बारे में एनसीसी कैडेट को समझाया। तत्पश्चात पी आई स्टाफ द्वारा कैडेट को शस्त्र प्रशिक्षण की जानकारी दी गई। सायं काल में एनसीसी ऑफिसर डॉक्टर अमित कुमार व एनसीसी ऑफिसर अनुराग गुप्ता के निर्देशन मे कैडेट की चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। जिसमें एनसीसी कैडेट ने आतंकवाद ,वृक्ष लगाओ ,पानी बचाओ विषय पर अपनी कल्पनाओं के द्वारा तूलिका व रंगो के माध्यम से सुंदर चित्र को कागज पर उकेरा। इसके बाद लेफ्टिनेंट नगेंद्र कुमार व लेफ्टिनेंट राजीव जांगिड़ के निर्देशन में खेलकूद प्रतियोगिता का फाइनल कराया गया। कैंप की प्रत्येक गतिविधि का निरीक्षण कैंप कमांडेंट कर्नल पी के सिंह ने किया।इस अवसर पर डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल आर पी दहिया, सूबेदार मेजर परमानंद ,जीसीआई सोनिया, केयर टेकर कोमल, सूबेदार निर्दोष थापा, सूबेदार सूर्यमान गले, सूबेदार अफतार हुसैन, हवलदार पंकज कुमार, हवलदार संजीत कुमार ,हवलदार संतोष कुमार यादव, हवलदार पवन, हवलदार भूपराम, मनोज कुमार ,विनय, विपिन कुमार, फरजंद अली, चंद्रवीर आदि लोग उपस्थित थे।

# बेसिक शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का लोकार्पण / शिलान्यास / शुभारंभ किए जाने का संजीव प्रसारण एवं कार्यक्रम आयोजित हुआ

वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद।** माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के कर कमलों से बेसिक शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का लोकार्पण / शिलान्यास / शुभारंभ किए जाने हेतु समारोह का आयोजन लोक भवन लखनऊ में किया गया, जिसका सीधा प्रसारण दूरदर्शन द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम का प्रसारण जनपद स्तर पर हिंदी भवन में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ श्री मयंक गोयल महानगर अध्यक्ष भाजपा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्री दीपक मीणा मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल चीफ वार्डन सिविल डिफेंस श्री ललित जायसवाल, जिला विद्यालय निरीक्षक श्री धर्मेंद्र कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री ओङ्गपीङ्ग यादव, समस्त खंड शिक्षा अधिकारी जिला समन्वयक, एसङ्गआरङ्गजी, एङ्गआरङ्गपीङ्ग, सभी ब्लॉकों के शिक्षक संघ के नेतागण, परिषदीय विद्यालय अध्यापकगण, विभिन्न विद्यालयों में अध्यनरत छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में सभी विकासखंड/नगर क्षेत्र से आईसीटी लैब, स्मार्ट क्लास, निपुण विद्यालय के एक-एक अध्यापकों एवं समर कैंप के एक–एक अनुदेशक अथवा शिक्षामित्र को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर श्री मयंक गोयल जी द्वारा इस वर्ष आयोजित बोर्ड की परीक्षाओं के परिणाम में बालिकाओं की उपलब्धियां की प्रशंसा की साथ ही सभी को खूब पढ़ने एवं बढ़ने के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होने कहा कि मोदी जी–योगी जी के नेतृत्व में ?बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा किये गये कार्य सराहनीय हैं। श्री अभिनव गोपाल मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा अपने प्रेजेंटेशन में जनपद गाजियाबाद में बेसिक शिक्षा के क्षेत्र में किए गए अच्छे कार्यों एवं नवीन उपलब्धियां के बारे में चर्चा की गई।



# सीएम योगी ने निपुण प्लस, डीबीटी योजना, स्मार्ट क्लास सहित शैक्षिक योजनाओं का किया लोकार्पण

वेलकम इंडिया



**इंद्रेश शर्मा, गौतम बुद्ध नगर।** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लोक भवन लखनऊ में आयोजित बेसिक शिक्षा विभाग के महत्त्वपूर्ण कार्यक्रमों का शुभारंभ /लोकार्पण समारोह का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। इस अवसर पर माननीय विधायक दादरी तेजपाल नागर, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी विद्यनाथ शुक्ला, उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य डाइट राज सिंह यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार, खंड शिक्षा अधिकारी दादरी नरेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव, शिक्षामित्र व अनुदेशक उपस्थित रहे। जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा ने विधायक तेजपाल नागर को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। साथ ही पियावली ताजपुर गांव के प्रधान रिंकू सिंह, राकेश, एच.के. शर्मा व पाली गांव के प्रधान गुरुदेव भाटी को भी पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री जी द्वारा लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था की 08 वर्षों की उपलब्धियों की जानकारी साझा की गई। एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी हुआ। कक्षा 3 से 12 के छात्रों हेतु निपुण प्लस का बटन दबाकर शुभारंभ किया गया। साथ ही शैक्षिक सत्र 2025-26 में डीबीटी के माध्यम से ड्रेस, जूता, मोजा, स्वेटर, स्टेशनरी व स्कूल बैग हेतु धनराशि हस्तांतरण का उद्घाटन भी हुआ। माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा 38 मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालयों एवं 66 अभ्युदय कंपोजिट विद्यालयों का शिलान्यास तथा 139 उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों के नवनिर्मित भवनों/अतिरिक्त डॉरमेट्री का लोकार्पण किया गया। राज्य शैक्षिक तकनीकी संस्थान लखनऊ में एजुकेशनल ब्रॉडकास्टिंग स्टूडियो का शुभारंभ किया गया। इसी के साथ 51667 टैबलेट्स का वितरण, 7409 विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, 5258 विद्यालयों में आईसीटी लैब तथा 503 पीएम श्री विद्यालयों में डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना का शुभारंभ भी बटन दबाकर किया गया। पीएम श्री विद्यालयों में आईसीटी लैब स्थापित करने वाले विद्यालयों में से उच्च प्राथमिक विद्यालयजेवर नंबर-1, दनकौर, दादरी, चिटैहरा, गिझौड़ व निठारी के प्रधानाध्यापकों को व स्मार्ट क्लास का नियमित संचालन करने वाले शिक्षकों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। विधायक दादरी तेजपाल नागर द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों को टैबलेट भी वितरित किए गए।

# नोएडा पुलिसकर्मी शहीद सिपाही सौरभ के श्रद्धांजलि रूप में करेंगे आर्थिक मदद; देंगे एक दिन का वेतन





वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद।** नोएडा पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने गाजियाबाद में शहीद सिपाही सौरभ के परिवार को एक लाख रुपये की सहायता देने की घोषणा की। सभी पुलिसकर्मियों का एक दिन का वेतन भी शहीद के परिजनों को आर्थिक मदद के रूप में दिया जाएगा। नोएडा पुलिस कमिश्नरेट ने गाजियाबाद में बदमाश को पकड़ने के दौरान शहीद हुए सिपाही सौरभ के परिजनों के लिए महत्वपूर्ण फैसला लिया है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने अपने वेतन से एक लाख रुपये शहीद सिपाही के परिवार को देने की घोषणा की है। साथ ही, जिले में तैनात सभी पुलिसकर्मियों के एक दिन के वेतन को शहीद सौरभ के परिजनों को आर्थिक सहायता के रूप में प्रदान किया जाएगा। सिपाही सौरभ थाना फेस-3 में तैनात थे। गाजियाबाद में बदमाश कादिर को पकड़ने के दौरान गोली लगने से शहीद हो गए थे। यह कदम पुलिस विभाग की ओर से शहीद सिपाही के परिवार के प्रति संवेदना और समर्थन व्यक्त करने का प्रयास है। कादिर ने पुलिस पर नजर रखने के लिए कोठी के गेट पर दो बड़े-बड़े सीसीटीवी कैमरे भी लगवाए हुए हैं। दरअसल, गाजियाबाद के मसूरी थाने के नाहल गांव में रविवार देर रात वांछित कादिर को पकड़ने गई नोएडा और मसूरी पुलिस की टीम पर ग्रामीणों ने पथराव और फायरिंग कर दी। गौतमबुद्धनगर के थाना फेस-3 में तैनात एक सिपाही सौरभ देशवाल को गोली लग गई, पुलिस टीम उसे यशोदा अस्पताल लेकर पहुंची, यहां सिपाही को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सौरभ के सिर में बदमाशों की गोली लगी थी, मूल रूप से शामली निवासी सौरभ की मौत की सूचना पर नोएडा पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह गाजियाबाद पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। डीसीपी ग्रामीण सुरेन्द्र नाथ तिवारी ने बताया कि वांछित अभियुक्त कादिर नाहल का रहने वाला है, उसकी गिरफ्तारी के लिए नोएडा पुलिस रविवार रात 12 बजे मसूरी पुलिस टीम के साथ नाहल गांव में आई थी, उसी दौरान ये घटना हुई है। वहीं, भाग रहे कादिर को पुलिस ने घेर कर पकड़ लिया है। मामले में थाना फेस-3 गौतमबुद्धनगर के उपनिरीक्षक सचिन ने एक तहरीर दी है। थाना मसूरी में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सिपाही की मौत की पुष्टि, डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्र नाथ तिवारी ने की।

# भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया ने किया समापन

वेलकम इंडिया



गाज़ियाबाद, 25 मई 2025 झ लोकमाता अहिल्याबाई होलकर कीर्ति शताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत गाज़ियाबाद महानगर भाजपा द्वारा आयोजित भव्य प्रदर्शनी का समापन समारोह अत्यंत भक्ति मय गीत संगीत के वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने देवो के देव महादेव प्रभु शिव के भक्ति गीतों का परम आनंद लिया।

महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में लगाई गई इस विशेष प्रदर्शनी में अहिल्याबाई होलकर के जीवन, संघर्ष, न्यायप्रियता, तथा लोकसेवा के अद्वितीय आदर्शों को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया गया। श्री सिसोदिया ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा, ₹यह आयोजन लोकमाता वीरांगना अहिल्याबाई होलकर की गौरवगाथा को जन-जन तक पहुँचाने की दिशा में एक सशक्त प्रयास है। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल व उनकी पूरी टीम ने इसे आमजन की पहुँच में लाकर अद्वितीय कार्य किया है, इसके लिए वे प्रशंसा के पात्र हैं।₹ उन्होंने आगे कहा कि यह केवल एक प्रदर्शनी नहीं बल्कि जनमानस को धर्म, न्याय और सेवा के पथ पर अग्रसर करने वाली प्रेरणा की स्रोत है। क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया ने विशेष रूप से अभियान के संयोजक बॉबी त्यागी, गुंजन शर्मा, विनोद कसाना, गौरव चोपड़ा, नवनीत मित्तल, पूनम कौशिक एवं मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी सहित प्रदर्शनी के आयोजन में लगे कार्यकर्ताओं के समर्पित प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर अपने विचार रखते हुए भाजपा गाज़ियाबाद महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा, ₹लोकमाता अहिल्याबाई होलकर का जीवन भारतीय संस्कृति की प्रेरणास्रोत धरोहर है। उनके न्याय, धर्म और सेवा के सिद्धांत आज भी हमारे लिए मार्गदर्शक हैं। हमें गर्व है कि हम उनके आदर्शों को समाज तक पहुँचाने का माध्यम बन सके। यह प्रदर्शनी हमारी सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी से जोड़ने का एक विनम्र प्रयास है, और हमें मिली अभूतपूर्व जनसहभागिता ने इसे एक जनआंदोलन का रूप दे दिया है। उन्होंने बताया गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर 24 घंटे चली प्रदर्शनी में लगभग 2 लाख लोगों ने प्रदर्शनी के माध्यम से लोकमाता पुंड्या श्लोक अहिल्याबाई होलकर के जीवन वृत्त को जाना और उनके जीवन दर्शन से प्रेरणा लेने का काम किया।

# शहीद सिपाही सौरभ की हत्या के दो फरार हत्यारे मुठभेड़ में घायल गिरफ्तार, मुख्य आरोपी हिरासत में



वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद।** गाजियाबाद के थाना मसूरी अंतर्गत ग्राम नाहल में बीते कल रात कादिर नाम के अपराधी को पकड़ने के लिए नोएडा पुलिस आई थी उसी में एक सिपाही को बदमाश कादिर द्वारा गोली मारकर हत्या की गई मुख्य आरोपी कादिर पुलिस ने घेरकर गिरफ्तार कर लिया था। इसी हत्या के फरार बदमाश नन्हू और अब्दुल सलाम को 2 तमंचों, कारतूस मोटरसाइकिल के साथ मुठभेड़ में घायल गिरफ्तार किया गया है। एसीपी लिपि नगायच ने बताया आज दिनांक 26/5/2025 को थाना मसूरी पर हत्या में वांछित चल रहे वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाना मसूरी पुलिस द्वारा अभियुक्तों की तलाश में ग्राम नाहल से जंगलों की तरफ जाने वाले रास्ते पर ींीं अंडरपास के पास अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु स्वाट टीम देहात के साथ मिलकर अभियुक्त गणों की पतारसी सुराग रसी /चेकिंग की जा रही थी तभी दूर से एक बाइक आती दिखाई दी पुलिस पार्टी द्वारा बाइक सवारों को रुकने का इशारा किया गया तो बाइक सवार व्यक्तियों ने बाइक को नहीं रोका ओर पुलिस पार्टी पर फायर करते हुए बाइक पीछे मोड़कर भागने लगे इसी दौरान उनकी बाइक गिर गई जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाशों के पैरों में गोली लगी जिससे घायल अवस्था में उन्हें गिरफ्तार किया

# परमार्थ सेवा ट्रस्ट द्वारा नेत्रहीन कन्या की शादी संपन्न कराई

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद संजय नगर शुभम बैंक्विट हॉल परमार्थ सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में नेत्रहीन कन्या की शादी बड़े धूमधाम से संपन्न कराई ट्रस्ट के चेयरमैन वी के अग्रवाल ने बताया कि आयुष्मति काजल सुपुत्री श्रीमती राजवती-रामवीर निवासी मुरादनगर का शुभ विवाह चिरंजीव प्रमोद कुमार सुपुत्र श्रीमती सुहानी देवी- श्री जयपाल निवासी खेकड़ा बागपत के संग बड़ी धूमधाम से संपन्न कराई शादी में यथायोग दैनिक उपयोग होने वाला सामान बर्तन, कुलर, डबल बेड, पंखा, सिलाई मशीन, 51 बर्तन, अलमीरा, पायल, बिछुए, श्रृंगार का सामान अनेकों प्रकार के वस्त्र भेंट किया बारातियों को समय अनुसार ससम्मान भोजन प्रसाद कराकर नवयुग जोड़ों के सात फेरों का पाणीग्रहण संस्कार कराकर समय पर विदा किया इस अवसर पर विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने बताया कि ट्रस्ट के तत्वाधान में यह कोई पहला कार्य नहीं है समय-समय पर पात्र कन्याओं की शादी बड़े धूमधाम से कराई जाती हैं पात्र कन्याओं की शादी करना एक नेक और महत्वपूर्ण कार्य है। इससे न केवल गरीब परिवारों को मदद मिलती है, बल्कि सामाजिक रूप से भी यह एक सकारात्मक कदम है। यह सिर्फ एक आर्थिक व्यवहार नहीं है, बल्कि यह एक मानवीय दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है। पात्र कन्याओं की शादी करना एक ऐसा काम है जो उनके जीवन को बेहतर बनाने में मदद करता है और समाज को भी बेहतर बनाता है। इस अवसर पर डॉ नीरज गर्ग, अनिल स्वामी, श्यामसुंदर गुप्ता, विनोद कुमार गुप्ता नीलकमल फर्नीचर, एसके अग्रवाल एडवोकेट, प्रदीप गुप्ता, हेमंत कंसल, राकेश चंद्र अग्रवाल, सुदेश शर्मा, शिवकुमार शर्मा, नीरज शर्मा, डीके मित्तल, अखिलेश अग्रवाल, कपिल जैन, राकेश मित्तल, राम गुप्ता, स्नेह लता, उमेश नगर पार्षद, सुरेंद्र पाल त्यागी, तरुण चितकारा, वीरेंद्र सारस्वत आदि मौजूद थे



# चार साल से लंबित एरियर भुगतान को लेकर शिक्षक संघ ने बीएसए को सौंपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** शिक्षक समस्याओं के समाधान को लेकर शिक्षक संघ के पदाधिकारी एकजुट होकर सोमवार को बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) ओपी यादव से मिले और लंबित एरियर भुगतान जैसे गंभीर मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान संघ ने एक औपचारिक ज्ञापन सौंपकर जल्द कार्रवाई की मांग की। बैठक का नेतृत्व शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. अनुज त्यागी ने किया। डॉ. अनुज त्यागी ने बताया कि अप्रैल 2016 में 59 शिक्षकों को प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक के पद से पदावनत करते हुए उनका वेतन फ्रीज कर दिया गया था। वर्षों तक संघर्ष के बाद फरवरी 2021 में इन शिक्षकों को पुनः उनके मूल पद पर बहाल किया गया। लेकिन अप्रैल 2016 से जनवरी 2021 तक की अवधि के वेतन अंतर का जो एरियर बनता है, उसमें से अब भी 18 शिक्षकों को उनका बकाया भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि रजापुर ब्लॉक अध्यक्ष मनोज त्यागी द्वारा लगातार विभागीय स्तर पर पत्राचार और अनुरोध के बावजूद इन शिक्षकों को राहत नहीं मिल सकी है। इससे विभागीय उदासीनता स्पष्ट दिखाई देती है, खासकर वित्त एवं लेखा अधिकारी कार्यालय की भूमिका पर प्रश्नचिन्ह खड़े हो रहे हैं। इस मौके पर बेसिक शिक्षा अधिकारी ने शिक्षक प्रतिनिधियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि एरियर से जुड़ी समस्याओं का जल्द निस्तारण किया जाएगा और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जाएगा। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष आदेश मित्तल, ब्लॉक अध्यक्ष लोनी, मनोज त्यागी, ब्लॉक अध्यक्ष मुरादनगर अमित यादव, सुधीर कुमार सहित कई शिक्षक प्रतिनिधि मौजूद रहे। यह बैठक शिक्षकों की वर्षों पुरानी मांगों को नई उम्मीद देने वाली साबित हुई है, जिससे अब जल्द राहत की संभावना व्यक्त की जा रही है।


## सार्वजनिक सूचना

जनसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित आवेदक/आवेदकों ने नीचे सारणी के स्तम्भ–3 में उल्लिखित सम्पत्ति, जो प्राधिकरण की आवासीय योजना के अन्तर्गत स्थित है। का अंतरण/ नामान्तरण अपने नाम कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है :–

| क्र0 सं0 | आवंटी/पट्टेदार का नाम | भूखण्ड सं0/योजना का नाम | आवेदक का नाम (पिता के नाम सहित) | आवेदक का पता एवं दूरभाष संख्या | नामन्तरण का आधार | पट्टाधृत/पूर्ण स्वामित्व युक्त सम्पत्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | श्रीमती संतोष कुमारी विज पत्नी स्व0 श्री सुदेश कुमार विज | एस0जे0–60, शास्त्रीनगर | श्री अजय विज पुत्र स्व० श्री सुदेश कुमार विज | एस0जे0–60, शास्त्रीनगर गाजियाबाद 9953581765 | आवंटी श्रीमती संतोष कुमारी विज की मृत्यु दि० 02.07.2023 को होने से पूर्व आवंटी द्वारा अपने जीवनकाल में दिनांक 20.04.2016 को आवेदक के पक्ष में की गयी रजिस्टर्ड वसीयत के आधार पर | फ्री–होल्ड |

यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त भूखण्ड के अंतरण/नामान्तरण के विरूद्ध कोई आपत्ति हो, तो वह अपनी आपत्तियां सहायक दस्तावेजों सहित इस नोटिस के प्रकाशित किये जाने के दिनांक से 30 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत कर सकते है, अन्यथा स्तम्भ–4 में अंकित व्यक्ति का नाम से सम्पत्ति का अंतरण/नामान्तरण प्राधिकरण के अभिलेखों में दर्ज कर दिया जायेगा और कोई पश्चातवर्ती दावा, यदि कोई हो, ग्रहण नही किया जायेगा।

सहायक प्रभारी सम्पत्ति
गा0वि0प्रा0, गाजियाबाद